*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

13 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 25

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**राजीव गांधी हत्याकांड**
पति श्रीहरन को देख कर भावुक हुई नलिनी, बोली- नया जीवन शुरू करूंगी






# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम प्रांतीय अधिवेशन आज

- कार्यक्रम का उद्घाटन गवर्नर रमेश बैस करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में होगा। अधिवेशन की विस्तृत जानकारी अधिवेशन आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार एवं मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के माध्यम से देते हुए कहा कि अधिवेशन का उद्घाटन मारवाड़ी भवन में 13 नवंबर को पूर्वाह्न 10.30 बजे महामहिम राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद पहली बार झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का ऐसा कोई भव्य आयोजन हो रहा है। इसके कारण सदस्यों में काफी उत्साह है।

अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया होंगे। समापन समारोह अपराह्न 3:30 बजे होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य वक्ता कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ पवन पोद्दार, विशिष्ट अतिथि धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल होंगे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ ही विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। झारखंड में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पूरे राज्य में 1001 नये सदस्य जोड़ने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमें 87 साल पुरानी अपनी सामाजिक संस्था पर गर्व है। वर्ष 1935 में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना कोलकाता में हुई थी। यह संस्था देश भर के मारवाड़ी समाज के सदस्यों के बीच समन्वय करती है। इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुधार और सेवाकार्य भी चलाये जाते हैं। सम्मेलन ने देश भर में मारवाड़ी समाज के बीच पंचायत व्यवस्था भी लागू कर रखी है, ताकि आपसी विवादों का सामाजिक रूप से निराकरण संभव हो। उन्होंने कहा कि अधिवेशन को सफल बनाने एवं तैयारियों के लिए अधिवेशन स्वागत समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और व्यवस्था प्रमुख विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, स्वागत मंत्री ललित कुमार पोद्दार, बसंत कुमार मित्तल, पवन शर्मा, विनय सरावगी, मनोज बजाज, संजय सर्राफ, अनिल अग्रवाल, रवि शर्मा, भगवती भुवालका, मनोज रूइया, प्रदीप राजगढ़िया, अरुण बुधिया, अशोक नारसरिया, राजकुमार केडिया, कौशल राजगढ़िया, चंडी प्रसाद डालमिया, मनोज चौधरी, प्रेम कटारुका, निर्मल बुधिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, राहुल मारू, प्रकाश बजाज, अजय बजाज, सुनील केडिया, आनंद जालान, आकाश अग्रवाल, राम बांगड़, सुभाष पटवारी, विकास अग्रवाल, शशांक भारद्वाज, श्याम सुंदर शर्मा, अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, सौरभ सरावगी, अनु पोद्दार, नेहा पटवारी उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया संयोजक संजय सर्राफ ने दी।



अधिवेशन की जानकारी देते आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार एवं मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल और अन्य।

## मुख्यमंत्री ने सरायकेला में विपक्ष पर साधा निशाना

# अब तक राज्य विरोधी लोगों ने किया शासन: हेमंत सोरेन

- राज्य के लोगों को सशक्त पहचान देने के लिए 1932 और सरना धर्म कोड लागू किया
- जिले को नया कार्यालय भवन, अस्पताल, कॉलेज की मिली सौगात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/सरायकेला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के वीर सपूतों ने जो सपने देखे थे, वे चूर-चूर हो गये। भाजपा का नाम लिये बगैरउन्होंने कहा कि अब तक उन लोगों ने शासन किया, जो इस राज्य के घोर विरोधी थे। तब भला वे इस राज्य की भलाई कैसे कर पाते। उन्होंने कहा कि राज्य बनने का भी लंबा इतिहास है। जब दिशो गुरु जी ने इस राज्य को बनाने का संकल्प लिया, ये विरोधी लोग मजाक उड़ाते थे। कहते थे कि यहां का मूलवासी-आदिवासी क्या राज्य ले सकता है? ये लोग तो हड़िया- दारू पीकर के पेड़ के नीचे पड़ा रहेगा। लेकिन एक संकल्प के साथ गुरु जी और अनगिनत लोगों ने इस राज्य की अलग पहचान बनायी। जब पहचान बनी, तो आज पहचान को और चार चांद लगाया गया। इसे मजबूती देने के लिए 1932 खतियान और सरना धर्म कोड पर भी हम लोगों ने मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री शनिवार को सरायकेला खरसावां में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**विपक्षी साथ देने की जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अपने विपक्षियों से हमने कहा था कि थोड़ा तो साथ दो, आज केंद्र में तुम्हारी सरकार है। स्थानीयता और ओबीसी आरक्षण के मामले को नौवीं अनुसूची में केंद्र को भेजा है। केंद्र से इसे मुहर लगवाओ। जल्द से जल्द दोनों कानून राज्य में लागू हों। लेकिन ये लोग यहां धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। एन-केन प्रकारेण सरकार पर झूठा आरोप लगा कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। हमने कह दिया है कि आने वाली इस राजनीतिक लड़ाई में इस राज्य का बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा और नौजवान बेरोजगार युवा आपको जवाब देगा। जिनको वर्षों तक आपने उसका अधिकार नहीं दिया। हेमंत सोरेन ने कहा कि कोई मुद्दा उनके पास अब बचा नहीं है। इसलिए वे सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विकास के कामों को रोकना चाहते हैं। सरकार ने राज्य के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा है। यहां के मूलवासियों-आदिवासियों को सशक्त पहचान देने के लिए 1932 का खतियान और सरना धर्म कोड को लागू किया गया है। **पेज तीन भी देखें**



# रोजाना दो-तीन किलो गाली खाता हूं, वह प्रोसेस होकर न्यूट्रिशन बन जाती है: मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हैदराबाद / विशाखापत्तनम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मुझे रोजाना दो-तीन किलो गाली मिलती हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि मोदी जी आप थकते नहीं हैं क्या? तो मैं उनसे कहता हूं कि भगवान ने मेरे शरीर में कुछ ऐसा मैकेनिज्म बनाया है कि गालियां प्रोसेस होकर न्यूट्रिशन बन जाती हैं। प्रधानमंत्री हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर जनता को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग निराशा और हताशा के कारण, सुबह-शाम मोदी को गालियां देते रहते हैं। पूरी डिक्शनरी उन्होंने मोदी को गाली देने के लिए खपा दी है। मेरी आपसे विनती है कि ऐसी बातों से आप परेशान नहीं होना, क्योंकि उनके पास गालियां देने के सिवाय कुछ बचा ही नहीं है। मैं तो पिछले 20-22 साल से वैराइटी-वैराइटी की गालियां खा चुका हूं। आप इन गालियों के बारे में चाय पर हंसी-मजाक कीजिए। दूसरे दिन कमल खिलनेवाला है, इस खुशी में आगे बढ़िए। हैदराबाद से पहले प्रधानमंत्री ने विशाखापत्तनम में कई विकास परियोजनाओं को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की उम्मीदों का केंद्र बन गया है।

SURJABASHA










# कानून दमन का साधन न बने, यह तय करना सभी नीति निर्धारकों की जिम्मेदारी : सीजेआइ

- मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ दिल्ली में एक समारोह में बोल रहे थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा है कि कानून दमन का साधन नहीं, बल्कि न्याय का साधन बना रहे, यह तय करना केवल न्यायधीशों का नहीं, बल्कि सभी नीति निर्धारकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए यह टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिकों से उम्मीदें रखना बहुत अच्छी बात है, लेकिन हमें संस्थानों के रूप में अदालतों की सीमाओं और उनकी क्षमता को समझने की भी जरूरत है। सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी कानून और न्याय आवश्यक रूप से एक ही रेखीय प्रक्षेपवक्र का पालन नहीं करते हैं। कानून न्याय का एक साधन हो सकता है, लेकिन कानून उत्पीड़न का एक साधन भी हो सकता है। हम जानते हैं कि कैसे औपनिवेशिक काल में वही कानून प्रताड़ना के साधन बने थे। तब के समय की कानून की किताबें आज उत्पीड़न के साधन के रूप में इस्तेमाल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हम एक नागरिक के रूप में यह कैसे तय करते हैं कि कानून न्याय का साधन बन जाये और कानून उत्पीड़न का साधन न बने। ऐसे में कानून को न्याय का साधन बने रहने देने के लिए न्यायाधीशों के साथ ही सभी निर्णय निर्माताओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सलाह देते हुए कहा कि जब आप अपने सिस्टम में अनसुनी आवाजें सुनने की क्षमता रखते हैं और फिर देखते हैं कि कानून और न्याय के बीच संतुलन कहां है। ऐसा करके आप वास्तव में एक न्यायाधीश के रूप में अपना मिशन पूरा कर सकते हैं।



# पंकज मिश्रा के मुलाकातियों से पूछताछ करेगी इडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लांड्रिंग और अवैध खनन मामले के आरोपी पंकज मिश्रा से रिम्स में 12 लोगों ने मुलाकात की है। उनके लगातार मिलने की जानकारी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को मिली है। यह जानकारी पेइंग वार्ड के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने से मिली है। सीसीटीवी फुटेज की प्रारंभिक जांच में 29 जुलाई से अब तक पंकज मिश्रा से करीब 12 अनजान लोगों के मुलाकात की है। इडी इन लोगों से जल्द ही पूछताछ करेगी।

**इडी के दबाव के बाद रिम्स प्रबंधन ने दिया सीसीटीवी फुटेज**
इडी को सूचना मिली थी कि पंकज मिश्रा से कई लोग मिलने आ रहे हैं। इसमें कुछ हाई प्रोफाइल लोग भी शामिल हैं। पंकज मिश्रा से जो लोग उनके पेइंग वार्ड में मिलने आते थे। वे अपनी मोबाइल से उसकी राज्य के कुछ बड़े अधिकारियों से बात करवाते थे। इसके बाद ही इडी ने रिम्स से 29 जुलाई से लेकर अब तक के सीसीटीवी फुटेज की मांग की थी। शुरू में रिम्स ने सिर्फ एक महीने का ही सीसीटीवी फुटेज इडी को उपलब्ध कराया था। इडी के दबाव के बाद रिम्स प्रबंधन ने 29 जुलाई से लेकर अब तक का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दिया है। इडी ने 20 अक्टूबर को पंकज मिश्रा के दो सहयोगियों चंदन यादव और सूरज पंडित को अपनी मोबाइल से कई हाई प्रोफाइल लोगों से बात कराते पकड़ा था। दोनों पंकज मिश्रा के ड्राइवर हैं।






# राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के आदेश पर छिड़ी बहस

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस के मनु सिंघवी को कड़ा एतराज : तमिलनाडु की सियासत पर भी पड़ेगा इस फैसले का असर


**उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विवाद उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस ने इस फैसले पर कड़ी आपत्ति की है। जानकारों के अनुसार यह फैसला इस जघन्य हत्याकांड के दोषियों और उनके समर्थकों के साथ क्षेत्रवाद की सस्ती राजनीति करनेवालों का दुस्साहस बढ़ानेवाला है। इस फैसले की व्यापक आलोचना हो रही है, तो इसीलिए कि यह इसी लायक है। राजीव गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, देश के पूर्व प्रधानमंत्री भी थे। तथ्य यह भी है कि उनके साथ 14 अन्य लोग भी मारे गये थे। मद्रास हाइकोर्ट के फैसले और केंद्र सरकार की राय के विरुद्ध जाकर सुप्रीम कोर्ट ने चाहे जो भी उदाहरण पेश किया हो, इससे एक गलत परंपरा स्थापित होने की आशंका है। यह समझना कठिन है कि इस हत्याकांड में शामिल लोगों पर दया दिखा कर सुप्रीम कोर्ट ने समाज को क्या संदेश देने की कोशिश की है। निश्चित रूप से यह किसी भी तरह से वैसा मामला नहीं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट को अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करने की जरूरत पड़ती। सुप्रीम कोर्ट की इस दलील में कोई दम नहीं दिखता कि राजीव गांधी हत्याकांड में सजा काट रहे दोषियों का चाल-चलन अच्छा था और जेल में रह कर उन्होंने पढ़ाई भी की थी। क्या इन सब कारणों से किसी को भी समय से पहले रिहा किया जा सकता है, भले ही वह कितने ही संगीन अपराध में लिप्त रहा हो। इस तरह दोषियों पर दया दिखाना एक तरह से न्याय का उपहास उड़ाना ही है। इस फैसले का असर सियासत पर, खास कर तमिलनाडु की सियासत पर जरूर पड़ेगा, क्योंकि वहां की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक अभी कांग्रेस के साथ है और वह इस फैसले का स्वागत कर रही है। राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के फैसले के विभिन्न पहलुओं को उजागर कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के फैसले के बाद देश में गंभीर विवाद छिड़ गया है। कांग्रेस समेत समाज का बड़ा वर्ग सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जता रहा है, तो तमिलनाडु में कांग्रेस की सहयोगी सत्ताधारी पार्टी द्रमुक ने इस फैसले का समर्थन किया है। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सियासत भी शुरू हो गयी है। सर्वोच्च अदालत के फैसले पर सोनिया गांधी के रुख को दरकिनार करते हुए कांग्रेस ने सख्त नाराजगी जतायी है, हालांकि कानूनी व्याख्याकार इस फैसले को सही ठहराते हैं, लेकिन इसका एक बड़ा खतरा यह है कि इससे आतंकवाद को फलने-फूलने का मौका मिलेगा। सवाल यह भी है कि इस फैसले का तमिलनाडु की राजनीति पर कितना असर पड़ेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अगुवाई वाली द्रमुक सरकार में कांग्रेस भी भागीदार है। वहीं द्रमुक कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की पार्टनर है, जो लंबे समय से इन दोषियों की रिहाई के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रही थी। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस समूचे विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में जुटी हुई है, लेकिन इस फैसले ने पार्टी के सामने यह धर्म संकट खड़ा कर दिया है कि वह अपने नेता के हत्यारों की रिहाई की पैरवी करनेवाली द्रमुक को अब साथ रखेगी या फिर उससे नाता तोड़ेगी।

तमिलनाडु के पिछले लोकसभा चुनाव में भी द्रमुक और कांग्रेस के बीच सीटों का गठबंधन हुआ था और तब यूपीए ने 39 में से 38 सीटों पर कब्जा जमाया था। तब द्रमुक को 23, कांग्रेस को आठ और अन्य छोटे दलों ने सात सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रिहाई के इस फैसले ने तमिलनाडु के सियासी गणित को बदल कर रख दिया है। अगले चुनाव में कांग्रेस अगर द्रमुक के साथ सीटों का गठबंधन करती है, तो इसका गलत सियासी संदेश जाने का खतरा है और यदि अकेले लड़ती है, तो अपनी जमीन कमजोर होने का यह डर बना रहेगा कि तब उसे आठ सीट भी मिलती है या नहीं। इसलिए इस फैसले ने कांग्रेस को एक ऐसे सियासी संकट में फंसा दिया है, जिसका सीधा असर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष की एकता पर पड़ना तय है।



राजीव गांधी की हत्या के दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कहा है कि पार्टी सोनिया गांधी के मत से सहमत नहीं है। पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस फैसले पर कई सवाल तो उठाये, लेकिन साथ ही मीडिया के सामने यह भी स्पष्ट कर दिया कि सोनिया गांधी अपना मत देने का अधिकार रखती हैं, लेकिन मैं पूरे सम्मान के साथ कहता हूं कि पार्टी उनके मत से सहमत नहीं है और उन्हें भी यह बात स्पष्ट रूप से बता दी गयी है।

गौरतलब है कि कुछ साल पहले सोनिया गांधी ने इस मामले की एक दोषी नलिनी को माफ कर दिया था। राजीव गांधी हत्याकांड में जब नलिनी को गिरफ़्तार किया गया, तब वह गर्भवती थी। उसकी गर्भावस्था को दो महीने हो गये थे। नलिनी श्रीहरन को आत्मघाती दस्ते का सदस्य होने का दोषी पाया गया था।

नलिनी को पहले तीन अन्य दोषियों के साथ मौत की सजा सुनायी गयी थी, लेकिन सोनिया गांधी की अपील के बाद नलिनी की सजा को घटा कर उम्र कैद में बदल दिया गया था। सोनिया गांधी ने कहा था कि नलिनी की गलती की सजा एक मासूम बच्चे को कैसे मिल सकती है, जो अब तक दुनिया में आया ही नहीं है, लेकिन कांग्रेस नेता सिंघवी ने सोनिया के उस रुख से हट कर पार्टी का स्टैंड साफ करते हुए कहा, इस मामले में हमारे पास जो भी विकल्प होंगे, उनका हम इस्तेमाल करेंगे। राजीव गांधी का बलिदान हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। सिंघवी ने कहा कि हमारी कोर्ट से अपील है कि वह दोषियों को रिहा न करे। पूर्व पीएम की हत्या भारत के अस्तित्व पर हमला है। इसमें कोई राजनीति का रंग नहीं होता। इस तरह के अपराध में किसी को रिहा नहीं किया जा सकता। पीएम या पूर्व पीएम पर हमला आम अपराध नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार दोषियों का समर्थन कर रही थी। उस वजह से कोर्ट को इस तरह का फैसला देना पड़ा, जबकि केंद्र सरकार प्रदेश सरकार के मत से अहसमत नहीं थी। सिंघवी खुद एक बड़े वकील हैं, लेकिन उन्होंने इस फैसले को लेकर अजीबो गरीब तर्क भी दिया है। उनके मुताबिक हमारी न्याय व्यवस्था ने लोगों की भावना का खयाल नहीं रखा, जबकि इस तथ्य से तो वे स्वयं वाकिफ हैं कि कानून लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अपना फैसला नहीं देता, बल्कि संविधान के प्रावधानों के मुताबिक ही न्याय करता है। इसीलिए इंसाफ की देवी की आंखों पर काली पट्टी बंधी रहती है। हालांकि इस फैसले की आलोचना करने के बहाने सिंघवी ने एक गंभीर मुद्दा भी उठाया है, जिस पर हमारी न्यायपालिका को संजीदगी के साथ गौर करने की जरूरत है। उनका कहना है कि भारतीय जेलों में लाखों लोग ऐसे हैं, जो बिना अपराध के बंद हैं। उन पर ध्यान न देकर कर आप अपराधियों को रिहा कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस की आपत्ति सर्वथा उचित है, लेकिन आखिर क्या कारण रहा कि एक समय सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ने राजीव गांधी के हत्यारों के प्रति न केवल सहानुभूति जतायी थी, बल्कि उन्हें माफ करने की भी बात कही थी। प्रियंका गांधी तो एक दोषी से जाकर जेल में भी मिली थीं। आखिर इस सबकी क्या आवश्यकता थी। प्रश्न यह भी है कि कांग्रेस तमिलनाडु में अपने सहयोगी दल द्रमुक को इसके लिए क्यों राजी नहीं कर पायी कि वह राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की रिहाई की पैरवी करने से बाज आये। द्रमुक सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जिस तरह प्रसन्नता जताने में लगी हुई है, उससे न केवल दोषियों का महिमामंडन होने की आशंका उभर आयी है, बल्कि इसकी भी कि अन्य जघन्य कांडों में दोषी करार दिये गये लोगों की रिहाई की मांग उठ सकती है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग उठती रही है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि संकीर्ण क्षेत्रवाद के चलते इस तरह की मांगों को कुछ राजनीतिक दल अपना समर्थन देने के लिए आगे आ जाते हैं। इसलिए इस फैसले को संपूर्णता से देखने पर साफ लगता है कि यह यह फैसला देश के एक बड़े वर्ग को सहज स्वीकार्य नहीं है।

---

# टैक्स प्रैक्टिशनरों को नये नियमों से अपडेट रहने की जरूरत : राज्यपाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स सन 1976 से जनहित में कार्य कर रहा है, जो महत्वपूर्ण है। टैक्स प्रैक्टिशनरों को आज नित्य नये नियमों से अपडेट रहने की जरूरत है, जिससे कर दाता कीउनके प्रति विश्वसनीयता बनी रहे और कर दाता को भी कोई दिक्कत ना आये। टैक्स अथॉरिटी को भी इससे सुविधा हो। राज्यपाल ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (पूर्वी क्षेत्र), झारखंड इनकम टैक्स बार एसोसिएशन और झारखंड कमर्शियल टैक्सेज बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टैक्स कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनहित में कर से संबंधित बेवजह संशय को दूर करने के लिए इस प्रकार की विश्वसनीय संस्था को और गतिशील और सक्रिय होकर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आप लोगों द्वारा समय-समय पर सेमिनार, जागरूकता कार्यक्रम औरं कैंप का भी आयोजन किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यह जा नकर खुशी हो रही है कि फेडरेशन के सदस्य देश में कराधान से संबंधित कानून बनाने में सहयोग देने के लिए सक्रिय रहते हैं और अपना सहयोग प्रदान करते हैं। कर संग्रह से संबंधित न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में इस संस्था का अहम योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि इन संस्थाओं को समय पर कर भुगतान के लिए करदाताओं को जागरूक करने की दिशा में भी निरंतर प्रयास कर राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए। सभी नागरिकों के लिए अपने संबंधित करों का भुगतान बहुत जरूरी है। आप सभी जनमानस को राष्ट्र एवं राज्यहित में राजस्व के महत्व के बारे में अवगत करायें। राजस्व से योजना का आकार और विकास की रूपरेखा तय होती है।

राज्यपाल ने कहा कि आप सब कर पेशेवर को कराधान से संबंधित विभिन्न नियमों से करदाताओं को भी अवगत और जागरूक कराना चाहिए। आम आदमी के लिए इसे सरल बनाने में आपकी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में आयोजित यह सम्मेलन बहुत ही उपयुक्त है। उम्मीद है कि इस समागम में कर संबंधित विभिन्न विषयों पर गहनतापूर्वक विचार-विमर्श किये जायेंगे, जो झारखंड सहित देशभर के लोगों के लिए लाभकारी साबित होगा। इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न हिस्सों से टैक्स पेशेवर, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कर अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

# पुलिसकर्मियों को 16 नवंबर से शीतकालीन वर्दी पहनने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 16 नवंबर से पुलिसकर्मियों को शीतकालीन वर्दी पहनने का आदेश जारी किया है। राज्य पुलिस मुख्यालय के आइजी प्रोविजन प्रभात कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, 16 नवंबर 2022 से 15 मार्च 2023 तक पुलिसकर्मी बंद आस्तीन वाली शीतकालीन वर्दी पहनेंगे। इस दौरान ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनना प्रतिबंधित होगा।

# पांच लाख के इनामी माओवादी संतोष भुइयां ने डाला हथियार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांच लाख के इनामी माओवादी कमांडर ने सरेंडर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बूढ़ा पहाड़ इलाके में सक्रिय माओवादी कमांडर संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां ने आइबी के समक्ष सरेंडर कर दिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है। नक्सली संतु भुइयां मूल रूप से पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र कर करकट्टा पंचायत के सियर भोंका गांव का रहनेवाला है। उसके सरेंडर करने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार संतु भुइयां ने बूढ़ा पहाड़ समेत कई नक्सल गतिविधियों की जानकारी सुरक्षा बलों को दी है। इनपुट के आधार पर पुलसि ने आगे की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। संतु पर पलामू,



गढ़वा और लातेहार जिले में 50 से भी अधिक मामले दर्ज हैं।

**दस लाख से घटा कर पांच लाख की गयी थी इनाम की राशि :** संतु भुइयां पर झारखंड सरकार ने पहले दस लाख रुपय के इनाम की घोषणा की थी। हाल ही में राज्य सरकार ने उस पर रखे इनाम की राशि को घटा कर पांच लाख रुपये कर दी थी। दरअसल, संतु का माओवादियों ने प्रेम-प्रसंग के कारण डिमोशन कर दिया था। हालांकि वह बूढ़ा पहाड़ के इलाके में माओवादियों का एक बड़ा चेहरा था। संतु की ससुराल भी बूढ़ा पहाड़ इलाके में ही है।

# राज्य स्थापना दिवस पर जिलों में भी होंगे कार्यक्रम

## मंत्रियों को दिया गया प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आगामी 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रांची और खूंटी के साथ जिला मुख्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों के लिए सरकार के मंत्रियों को जिलों का प्रभारी बनाया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इस बाबत एक आदेश जारी किया है। आदेश में इसकी जानकारी लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, गढ़वा, देवघर के उपायुक्तों और वरीय पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी)/ पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को भी दी गयी है।

**इन जिलों में नियुक्त किये गये मंत्री प्रभारी**

लोहरदगा -रामेश्वर उरांव
सरायकेला-खरसावां-चंपई सोरेन
बोकारो-जगरनाथ महतो
पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा)-जोबा मांझी
पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)-बन्ना गुप्ता
रामगढ़-बादल
गढ़वा-मिथिलेश कुमार ठाकुर
देवघर-हफीजुल हसन

# गुजरात चुनाव में भाजपा नेताओं को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात में होनेवाले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। स्टार प्रचारकों की सभाएं और नेताओं का जनसंपर्क जारी है। झारखंड के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता गुजरात में पसीना बहा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव और झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी गुजरात का एक राउंड दौरा कर लौट चुके हैं।

नेताओं ने गुजरात में निकली बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं झारखंड भाजपा के पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा के नेतृत्व में नौ सदस्यीय टीम पिछले दो महीने से गुजरात में कैंप कर रही है।

**गणेश मिश्रा, बबलू भगत और अजय राय समेत नौ नेता जमे हैं**

मोदी के गढ़ में फिर से कमल खिलाने के लिए झारखंड से गणेश मिश्रा, बबलू भगत और अजय राय समेत नौ नेता वहां पसीना बहा रहे हैं। इन लोगों को बूथ मैनेजमेंट और बूथों को मजबूत करने की रणनीति बनाने का काम मिला है। ये लगातार मंडलों, बूथों और शक्ति केंद्रों की सांगठनिक बैठकों में शामिल होकर भाजपा को जिताने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। झारखंड से गये नेताओं को पांच विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी मिली है। इनमें नर्मदा जिले की दो विधानसभा नांदोड़ और बेदियापाड़ा हैं। वहीं छोटा उदयपुर जिले की छोटा उदयपुर, जेठपुर तावी और सांखेड़ा विधानसभा सीट शामिल हैं। दो सीटों पर 1 दिसंबर को और तीन सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होना है।

**दीपक प्रकाश और बाबूलाल मरांडी भी प्रचार में जायेंगे**




**जल्द ही झारखंड भाजपा के कई और नेता भी गुजरात पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के अलावा प्रदेश के कई भाजपा सांसद और विधायक भी गुजरात चुनाव प्रचार में शामिल होने जायेंगे। गुजरात के विधानसभा क्षेत्रों के जातिगत और सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है।**

# बढ़ते अपराध पर सरकार करे कार्रवाई महिला हिंसा पर लगे रोक: एसोसिएशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राज्य सम्मेलन का आयोजन पुराने विधानसभा परिसर में शनिवार को किया गया। इस दौरान एसोसिएशन की महासचिव मीना कुमारी ने कहा कि राज्य में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। स्थिति चिंताजनक है। लूट, डकैती के साथ ही जघन्य अपराधों को भी राज्य में अंजाम दिया जा रहा है। साथ में डायन बिसाही के नाम पर महिलाओं की हत्या के मामले बढ़ रहे हैं। आये दिन ऐसे मामले सुर्खियों में हैं। इसके साथ ही घरेलू कामगार महिलाओं पर भी महिलाओं का शोषण बढ़ा है।

मीना ने कहा कि सरकार के लिए न्यूनतम वेतन में काम करने वाली सहिया वर्करों, जल सहिया, सहिया, रसोइयों के साथ हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। सम्मेलन में महिलाओं ने इन मामलों पर राज्य सरकार से हस्तक्षेप करते हुए कडी कार्रवाई की मांग की। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो एसोसिएशन की महिलाएं आंदोलन करेंगी। राज्य सचिव गीता मंडल ने कहा कि राज्य की महिलाओं की स्थिति ऐसी हो गयी है कि काम का लालच देकर के झारखंड की लड़कियों को बहला-फुसला कर दूसरे राज्यों में ले जाकर उनका शारीरिक और श्रम शोषण हो रहा है।

इस दौरान चंद्रस्मिता, सुशीला तिग्गा, अनिता सिंह, नीता बेदिया, जयंती चौधरी, नंदिता भट्टाचार्य, शांति सेन समेत अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.7°c | 15.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.00 बजे |



## सरायकेला खरसावां में सीएम ने योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की मदद करेगी सरकार : हेमंत

**63,856 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/सरायकेला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को सरायकेला खरसांवा में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 187 योजनाओं का शिलान्यास और 124 योजनाओं का उद्घाटन किया। 63,856 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण हुआ। मुख्यमंत्री ने सरायकेला में नये अनुमंडलीय कार्यालय भवन, मॉडल डिग्री कॉलेज खरसावां, मॉडल डिग्री कॉलेज की सौगात दी। सरायकेला प्रखंड के साहेबगंज गांव में 100 बेड के अस्पताल निर्माण की घोषणा की।

**लोगों की समस्याओं का अब हो रहा समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लगाकर सरकार लोगों को उनका अधिकार दे रही है। आपकी सरकार शुरू किये गये कार्यों को मंजिल तक पहुंचाने की मंशा रखती है। कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच उल्लास का माहौल है। राज्य के मूलवासी आदिवासी की परंपरा और संस्कृति को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी है। अगर आप सभी इन योजनाओं का लाभ लेते हैं तो झारखंड आगे बढ़ेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सरकार मजबूत करना चाहती है। सरकार खुश है, कि लोगों की समस्याओं का अब समाधान हो रहा है।

**अब बिचौलियों की जरूरत नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा पेंशन योजना से बिचौलियों को सरकार ने पेंशन के रास्ते से हटा दिया। अब सभी को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है। सरकार स्वरोजगार के लिए लोन उपलब्ध करा रही है। जिसके जरिए जरूरतमंद स्वरोजगार अपनाकर अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करें। राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सरकार मदद करेगी। सरकार उन्हें योजनाओं से जोड़कर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहयोग करेगी। साथ ही, अगर कोई प्रतिभाशाली विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई करना चाहता है तो उसे भी सरकार मदद करेगी। निजी क्षेत्र के उपक्रमों में 75 प्रतिशत आरक्षण मूलवासी आदिवासी प्राप्त हो इसके लिए अलग से शिविर आयोजित किया जायेगा। ताकि उनको उनका अधिकार मिल सके। इस अवसर पर मंत्री चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता व बन्ना गुप्ता, विधायक सबिता महतो के अलवा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सीएम से मिला एसटी-एससी कर्मचारी संघ, जताया आभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसटी-एससी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित सीएम हाउस में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित कराने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में एसटी-एससी कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष संजीव कुमार, कार्यालय सचिव संतोष कुमार राम, सदस्य सुरेश राम, विजय वेदिया, दुबराज हेम्ब्रम, रमेश उरांव और देवचंद मुंडा शामिल थे।

## प्रदेश मुख्यालय में रविवार को राजद युवा मोर्चा की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने की कवायद में जुट गया है। 2024 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विकास कार्यों को झारखंड में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प युवा मोर्चा ने लिया है। इन्हीं विषयों को ध्यान में रखते हुए राजद युवा मोर्चा के अध्यक्ष रंजन यादव की अध्यक्षता में रविवार को प्रदेश मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।
- **वृष** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।
- **मिथुन** — भौतिक संपन्नता, रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** — जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** — राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता, व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** — विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा, निराशा दूर होगी।
- **मकर** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, यात्रा सुखद।
- **कुंभ** — सामयिक कार्यों में सफलता, नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, शत्रुओं का शमन।

## आयकर ने इडी को सौंपे शेल कंपनियों के दस्तावेज

# दस्तावेज की जांच के बाद लपेटे में आ सकते हैं नेता और व्यवसायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इडी (प्रवर्तन निदेशालय) अपनी कार्रवाई और तेज करेगी। इडी की रडार पर झारखंड के बड़े व्यापारी और नेता शामिल हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है झारखंड के साथ-साथ चार राज्यों में हुई आयकर विभाग की छापेमारी। इसमें कई अहम दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों को आयकर विभाग ने इडी के साथ साझा किया है। इडी अब इन दस्तावेजों की जांच कर आगे कार्रवाई करेगी। इन दस्तावेजों में कई अहम सुराग हैं। सूत्रों के अनुसार इसमें कई शेल कंपनियों से जुड़ी अहम जानकारियां हैं।

### लौह अयस्क खनन कारोबारी पर भी गंभीर आरोप

आयकर विभाग ने जिन 50 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, उसमें एक ग्रुप लौह अयस्क खनन कारोबारी शाह ब्रदर्स का भी था। शाह ब्रदर्स ने अगस्त 2020 में झारखंड सरकार के खान विभाग में जो मासिक रिटर्न भरा था, उसके अनुरूप उसके करमपदा खान में 3.50 लाख टन लौह अयस्क मौजूद था। इसके बावजूद खनन लीज रद्द होने के बाद अधिकारियों की मिलीभगत से शाह ब्रदर्स ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 5.70 लाख टन लौह अयस्क बेचने की अनुमति ली।कर चोरी के लिए इन लोगों ने नकद में भुगतान किया और उत्पादन भी कम दिखाया। यही नहीं, बड़ी राशि का उपयोग अचल संपत्ति खरीदने में भी किया गया। ठेका लेने वाले समूहों ने भी नियमित रूप से खातों का रखरखाव नहीं किया।

**शेल कंपनियों के दस्तावेज इडी को सौंपे गये**

तीन दिनों तक चली आयकर विभाग की रेड के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें बताया गया कि आयकर विभाग की छापेमारी में 100 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी मिली है। आयकर विभाग की टीम ने झारखंड में 50 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी रांची, गोड्डा, 3बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाइबासा के अलावा बिहार के पटना और उत्तरप्रदेश के गुरुग्राम और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई थी। इस जांच में शेल कंपनियों की अहम जानकारियों के साथ-साथ इन कंपनियों के जरिए पैसों के लेनदेन के भी सुराग मिले थे। आयक विभाग ने इस छापेमारी में प्राप्त अहम दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी ईडी को सौंपी है। छापेमारी मुख्य रूप से कांग्रेस विधायक अनूप सिंह, प्रदीप यादव, विधायकों के करीबियों, शाह ब्रदर्स और अन्य के यहां की गयी थी।

## राष्ट्रपति पर विवादित टिप्पणी: अर्जुन मुंडा ने ममता के मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के मंत्री और टीएमसी नेता अखिल गिरि के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री मुंडा ने दिल्ली के 25 तुगलक रोड स्थित अपने आवास में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अखिल गिरि ने राष्ट्रपति के ऊपर जिस तरीके से अभद्र टिप्पणी की है, वह निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। आश्चर्य की बात यह है कि पश्चिम बंगाल की सरकार, जहां स्वयं एक महिला मुख्यमंत्री हैं, उसके मंत्रिमंडल के सदस्य खुलेआम देश की महिला जनजाति राष्ट्रपति के ऊपर इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इस मामले में ममता बनर्जी को स्वयं स्पष्टीकरण देना चाहिए, क्योंकि टीएमसी के मंत्री ने इस तरह का गलत बयान दिया है। यह देखा जाये कि यह बयान उन्होंने किसके कहने पर दिया है, यह बयान देश को अपमान करने वाला है। ऐसे मंत्री को ममता बनर्जी को अपने मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। इस तरह के बयानों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। टीएमसी नेता के बयानों से स्पष्ट होता है कि यह टीएमसी के चरित्र में है। पश्चिम बंगाल की सरकार, देश के आदिवासियों और पश्चिम बंगाल के आदिवासियों का भी शोषण करती रही है। वे ऐसे बयान की घोर निंदा करते हैं, क्योंकि ये बयान अशांति फैलाने वाले हैं।

**क्या है मामला**

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राष्ट्रपति पर शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति के चेहरे को लेकर विवादित बयान दिया है। नंदीग्राम में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रपति का जम कर मजाक उड़ाया। कहा कि वह (सुवेंदु अधिकारी, भाजपा विधायक) कहते हैं कि वे सुंदर नहीं हैं। आप कितने सुंदर हैं? वे किसी को उनकी शक्ल से नहीं आंकते हैं। वे राष्ट्रपति के कार्यालय का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारा राष्ट्रपति कैसा दिखता है? दरअसल, अखिल गिरि शहीद दिवस कार्यक्रम को लेकर टीएमसी नेता सुवेंदु अधिकारी पर निशाना साध रहे थे।

# गिरिराज सेना के प्रमुख कमलदेव गिरि की बम मारकर हत्या

**हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के भारत भवन के पास गिरिराज सेना के प्रमुख कमलदेव गिरी की अपराधियों ने बम मारकर हत्या कर दी। इससे देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जब तक लोग घटना स्थल पर पहुंच पाते, घटना को अंजाम देकर अपराधी मौके से फरार हो गये। उसके बाद स्थानीय लोगों ने कमलदेव को इलाज के लिए तत्काल रेलवे अस्पताल पहुंचाया। हालांकि वह बच नहीं पाये। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना तब घटी जब कमलदेव अपने एक साथी के साथ बाइक पर बैठकर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आये अज्ञात अपराधियों ने उन पर बम से हमला कर दिया।

इस घटना की खबर देखते ही देखते पूरे चक्रधरपुर समेत आस-पास के इलाके में फैल गयी। उसके बाद थोड़ी देर में ही एक के बाद एक हजारों की संख्या में लोग रेलवे अस्पताल पहुंच गये। इससे हिंदूवादी संगठनों से जुड़े ज्यादातर लोग शामिल रहे। उनमें घटना को लेकर आक्रोश का माहौल रहा। तब तक सूचना पाकर डीएसपी कपिल चौधरी और थाना प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद भी रेलवे अस्पताल पहुंच चुके थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बजरंग दल से भी जुड़े थे कमलदेव

हिंदूवादी संगठन गिरिराज सेना का संचालन करनेवाले कमलदेव गिरी बजरंग दल से भी जुड़े थे। उन पर जिस इलाके में बम से हमला किया गया। वह मुस्लिम बहुल इलाका है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप का आलम यह रहा कि देखते ही देखते क्षेत्र की दुकानें एकाएक बंद होनी शुरू हो गयीं। आगे मामले की जांच में जुटी पुलिस के समक्ष क्षेत्र की विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने की भी चुनौती है। वैसे फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बतायी जा रही है।

# राष्ट्रपति पर अपमानजनक टिप्पणी के बाद सीएम की चुप्पी समझ से परेः दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के विधायक एवं पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरि की देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबंध में की गयी अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और उनकी नेता ममता बनर्जी आदिवासी महिला विरोधी हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक तरफ झामुमो आदिवासी हित की बात करता है, दूसरी ओर राष्ट्रपति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का टीएमसी नेता एवं ममता बनर्जी के खिलाफ कोई बयान नहीं आना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि झामुमो द्वारा आदिवासी हित की बात करना केवल बातों तक ही सीमित है। व्यवहार में वोट बैंक और राजनीति बाधक बन जाती है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राष्ट्रपति के चेहरे के संबंध में ममता सरकार के कैबिनेट मंत्री ने अभद्र टिप्पणी की है, वह न सिर्फ संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करनेवाला है, बल्कि टीएमसी की सामंती एवं लोकतंत्र विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति पद पर असंसदीय, असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया था। प्रदेश भाजपा ने सभी जिलों में टीएमसी मंत्री की अभद्र टिप्पणी एवं राज्य विधानसभा में पेश स्थानीय नीति संबंधी बिल में अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग नहीं किये जाने के खिलाफ पुतला दहन किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## आजसू ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा-राजनीति कर रही सरकार

# अपना स्वार्थ सिद्ध करनेवाला विधेयक पारित किया : डॉ देवशरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंडी जनमानस से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण विषय का हल नहीं किया, बल्कि सिर्फ पहल की है। विधानसभा के विशेष सत्र में स्थानीयता एवं आरक्षण को लेकर पारित हुआ विधेयक यह साबित करने के लिए काफी है कि सरकार झारखंडियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर गंभीर नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक अस्तित्व को लेकर चिंतित है। इसलिए हड़बड़ी में उन्होंने लोगों को उलझाने और अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाला विधेयक पारित किया। उक्त बातें आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। हसन अंसारी ने कहा कि सरकार ने दोनों विधेयकों को नौवीं अनुसूची में शामिल करवाने को लेकर क्या रोडमैप तैयार किया है। क्या राज्य सरकार इस बात से आश्वस्त है कि संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से इस विधेयक को नौवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए स्वीकृति मिलेगी।

खुद मुख्यमंत्री इस विषय को पब्लिक डोमेन में साझा करें कि सरकार ने इसे लेकर क्या रोडमैप तैयार किया है। डॉ भगत ने कहा कि राज्य में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण का दायरा जातीय जनगणना के आधार पर ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राज्य में ट्रिपल टेस्ट तथा जातीय जनगणना कराने को लेकर आजसू पार्टी ने सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज बुलंद की। यहां तक कि हमने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। विगत दिनों केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने इस विषय को लेकर राज्यपाल से भी मुलाकात की थी, लेकिन सरकार ने जातीय जनगणना के विषय को पूरी तरह से अनसुना कर दिया।

# खतियान और आरक्षण नीति लागू करने का ढोंग किया: रघुवर

**कहा- राज्य में खनिज संपदा की जम कर लूट मची है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सरकार बिचौलियों, सिंडिकेट और माफियाओं के इशारे पर चलनेवाली सरकार है। इसके आने के बाद से राज्य में खनिज संपदा की जम कर लूट हुई है। इसके साथ ही झारखंड की बहन-बेटियों की अस्मत भी लूटी जा रही है। यह सरकार मूकदर्शक बन कर बैठी है।

मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि राज्य का आदिवासी अब बोका नहीं है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या मुख्यमंत्री जी कहना चाह रहे हैं कि पहले आदिवासी बोका था। उन्होंने ही आदिवासियों को ठग कर 2019 में सरकार बनायी थी। वह समझ चुके हैं कि अब आदिवासी उनके झांसे में नहीं आयेगा। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कही। वह शनिवार को दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवारवाद और भ्रष्टाचार वाली पार्टी है। आज जब उनके कारनामों के कारण इडी उनके द्वार तक पहुंची है, तब उन्हें आनन-फानन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और पिछड़ों के आरक्षण की याद आ रही है। जबकि उन्होंने चुनाव में वादा किया था कि सरकार बनने के तीन माह के अंदर ही 1932 खतियान लागू किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इडी के समन मिलने के बाद आनन फानन में एक दिन का सदन बुलाया और बिना प्रक्रिया पूरी किये 1932 का खतियान और आरक्षण नीति लागू करने का ढोंग किया। दोनों ही मामलों में नियमों का पालन नहीं किया गया। इससे मुख्यमंत्री जी की मंशा स्पष्ट होती है।

### कांग्रेस-टीएमसी के नेता राष्ट्रपति का अपमान कर रहे



राष्ट्रपति पद पर आदिवासी प्रतिनिधि का आसीन होना कई नेताओं को खल रहा है। कांग्रेस-टीएमसी के नेता लगातार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान कर रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री अपने मित्र दलों के द्वारा आदिवासी राष्ट्रपति के अपमान पर क्यों चुप हैं, यह समझ से परे है।
- रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# सैनिक मार्केट में दुकानों के आवंटन और संचालन में हो रही गड़बड़ी से राज्यपाल को करायें अवगत: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस केपी देव की अदालत ने सैनिक मार्केट के दुकानदार भागवत प्रसाद की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया है कि सैनिक कल्याण निदेशालय रांची के अधीन सैनिक मार्केट में दुकानों के आवंटन एवं उसके संचालन को लेकर हो रही गड़बड़ी से राज्यपाल को अवगत करायें। साथ ही साथ डायरेक्टर जनरल ऑफ रिहैबिलिटेशन नयी दिल्ली को भी पार्टी बनाने का आदेश दिया है। वहीं अगली सुनवाई की तिथि 14 दिसंबर मुकर्रर की गयी है। इस मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता नवीन कुमार हैं। सैनिक कल्याण निदेशालय ने दुकान खाली करने का जारी किया था नोटिस, हाईकोर्ट ने लगायी थी रोक

सैनिक कल्याण निदेशालय रांची ने याचिकाकर्ता भागवत प्रसाद को नोटिस जारी कर दुकान खाली करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के जस्टिस केपी देव की अदालत ने सुनवाई करते हुए फिलहाल दुकान खाली करने पर रोक लगा दी थी।

### भागवत प्रसाद की याचिका में कई गड़बड़ियों का जिक्र

झारखंड हाइकोर्ट में दायर भागवत प्रसाद की याचिका में कहा गया है कि सैनिक कल्याण निदेशालय में सब कुछ एक 85 वर्षीय व्यक्ति के ऊपर निर्भर है। वह वर्षों से सैनिकों के कल्याण के लिए बनाये गये मार्केट का दुरुपयोग कर रहे हैं। कई दुकानें सैनिकों को ना देकर अन्य लोगों को आवंटित की गयी है। वहीं इसका रोटेशन भी रुका हुआ है, जिसकी वजह से कई सैनिकों को उनका हक नहीं मिल रहा।

## लालपुर-कोकर रोड होगा जाम मुक्त

# लालपुर सब्जी मार्केट में शिफ्ट होंगी 200 फुटपाथ दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लालपुर चौक से कोकर जानेवाली सड़क को अब जाम से मुक्ति मिलेगी। डिस्टलरी पुल तक सड़क किनारे सब्जी बेचनेवाले फुटपाथ दुकानदारों को नगर निगम की ओर से तैयार किये गये सब्जी मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे। फिलहाल 200 दुकानदारों को वेजिटेबल मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। नगर निगम इसकी तैयारी में जुट गया है।

### लॉटरी के माध्यम से मिलेगी दुकान

इस वेजिटेबल मार्केट में फुटपाथ दुकानदारों को लाटरी के माध्यम से दुकान आवंटित की जायेगी। पहले चरण में 200 दुकानदारों को वेजिटेबल मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। दूसरे चरण में बाकी को शिफ्ट किया जायेगा। लॉटरी में जिन दुकानदारों का नाम आयेगा, उन्हें पहले दुकान दी जायेगी।

### वेजिटेबल मार्केट में पार्किंग की भी व्यवस्था

सड़क किनारे सब्जी दुकान लगने के कारण लालपुर चौक से लेकर कोकर डिस्टलरी पुल तक हर दिन जाम लगता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। वेजिटेबल मार्केट में इन दुकानदारों के शिफ्ट हो जाने से सड़क जाम से निजात मिलेगी। इस वेजिटेबल मार्केट में पार्किंग की भी व्यवस्था की गयी है, जिससे सब्जी खरीदने पहुंचने वाले लोगों को वाहन पार्क करने में सुविधा होगी।

## संपत्ति विवाद में पति बना हैवान

# पहले हत्या की, फिर कूच दिया चेहरा, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग इलाके में बीते 10 नवंबर की सुबह एक महिला की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने मामले की जांच शुरू की। जानकारी के आधार पर पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम इकबाल अंसारी है। मृतका अजमेरिया खातून इकबाल की तीसरी पत्नी थी। बताया जा रहा है कि संपत्ति विवाद में इकबाल ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। शव की पहचान न हो सके, इसलिए चेहरे को बुरी तरह से कूच दिया था।

### क्या है मामला

पुंदाग ओपी क्षेत्र के आइएसएम चौक के पास 10 नवंबर को एक युवती की लाश मिली थी। शव का चेहरा बुरी तरह से कूचा गया था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में लाश की पहचान अजमेरिया खातून के रूप में हुई। जांच में जुटी पुलिस ने परिजनों से पूछताछ और मिले कुछ साक्ष्य के आधार पर आरोपी पति इकबाल को गिरफ्तार कर लिया।

## भोला नामक यात्री बस रांची से खूंटी के तपकरा जा रही थी

# तुपुदाना रिंग रोड में बस - ट्रक में जोरदार टक्कर, तीन की मौत, 30 से ज्यादा घायल

**सभी घायल और मृतक बुंडू और खूंटी के रहनेवाले हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के तुपुदाना रिंग रोड में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। बस और ट्रक में हुई जोरदार टक्कर में तीन यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं 30 से ज्यादा यात्री घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को रिम्स लाया गया है। सभी घायल और मृतक बुंडू और खूंटी के रहनेवाले हैं। गंभीर रूप से घायल सीमा



उरांव, प्रीति उरांव, जॉन टोपनो, पौलूस पूर्ति, मरियम टोपनो, बिरसी और सीता देवी को रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार भोला नामक यात्री बस रांची से खूंटी के तपकरा जा रही थी। तुपुदाना में रिंग रोड के पास बस की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बीच सड़क पर ही बस पलट गयी। बस में सवार कई यात्री अंदर ही फंस गये। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलसि ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर नकिाला। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमकि उपचार के बाद गंभीर रूप से जख्मी सात लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया।

# आदिवासी-मूलवासी को दिग्भ्रमित कर रही राज्य सरकार: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीयता के नाम पर झारखंड के आदिवासी-मूलवासी को दिग्भ्रमित कर रही है। 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को राज्य सरकार स्वयं लागू कर सकती है। इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। आशा लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का खेल कर रहे हैं। भाजपा की सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्ष 1985 को आधार मान कर स्थानीय नीति की घोषणा की थी। लिहाजा राज्य के मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को राज्य में लागू करने के लिए इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने की क्या आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि खुद को आदिवासियों का हितैषी बताने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही आदिवासियों के सबसे बड़े विरोधी हैं। मुख्यमंत्री का सदन में यह कहना कि आदिवासी बोका नहीं हैं, जबकि हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासियों को बेवकूफ बना रहे हैं।

# हिमाचल में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है : शशि भूषण राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने अपने शिमला प्रवास के दौरान हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है एवं हिमाचल की जनता भाजपा द्वारा प्रायोजित महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की नीति से काफी परेशान है। भाजपा ने सिर्फ और सिर्फ जनता को धोखा देने का काम किया है। यहां लोग अपने नेता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को याद करते हुए भावुक हो जाते हैं और उनके द्वारा किये गये जनहित कार्य को याद करते है। श्री राय राजधानी शिमला में विगत कुछ दिनों से प्रवास कर रहे हैं और उन्होंने आसपास के कई इलाकों का दौरा कर जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की थी। उन्हें पूरी उम्मीद है कि कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका और प्रतिभा वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी की स्थिति इस विधानसभा चुनाव में पहले से काफी बेहतर होगी।

# भाजयुमो ने टीएमसी मंत्री का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा- भाजपा विरोधियों को एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा**

**रांची।** टीएमसी के मंत्री अखिल गिरि के द्वारा राष्ट्रपति के खिलाफ की गयी अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने टीएमसी, मंत्री और ममता बनर्जी का पुतला अरगोड़ा चौक पर जलाया। इस अवसर पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों को एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने टीएमसी और मंत्री से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। सभा को महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनचुन राय, महानगर उपाध्यक्ष नीरज सिंह, राजू सिंह, महामंत्री बलराम सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, महामंत्री सचिन साहू, आशीष अग्रवाल, सनोज सिंह, राहुल चौबे, मुनेसर साहू, विकास रवि सहित अन्य मौजूद थे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134वीं जयंती पर शिक्षा और सांस्कृतिक मेला का आयोजन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेंटिंग, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि में तीस स्कूलों के करीब 700 बच्चे हिस्सा लेंगे**

**रांची।** मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134वीं जयंती के अवसर पर मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) द्वारा रांची के कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला ट्रेनिंग सेंटर के प्रांगण में रविवार को शिक्षा और सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, निबंधन, खेलकूद एवं युवा मामले के मंत्री हफीजुल हसन बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो करेंगे। मंच की अध्यक्षता माही के संयोजक इबरार अहमद करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की विधायक नेहा तिर्की शामिल होंगी। कार्यक्रम के पहले सत्र में मौलाना आजाद की भारतीय राजनीति में योगदान पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में शिक्षा और सांस्कृतिक मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मेले में पेंटिंग, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि में तीस स्कूलों के करीब 700 बच्चे हिस्सा लेंगे। वहीं ड्रापआउट बच्चों को स्वेटर, जूते और अन्य सामग्री भी उपलब्ध करायी जायेगी।

## कार्यक्रम : झारखंडी एवं जापानी भाषाओं का अंतर्संबंध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

# हमें अपनी भाषा-संस्कृति नहीं छोड़नी चाहिए: डॉ तोशिकी ओसादा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय, रांची में इंटर यूनिवर्सिटी रिसर्च इंस्टीट्यूट कारपोरेशन एंड इंस्टीट्यूट फार दा ह्यूमिनिटी, में जापान के भाषा वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ तोशिकी ओसादा द्वारा झारखंडी एवं जापानी भाषाओं का अंतर्संबंध विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ तोशिकी ओसादा ने कहा कि हम लोगों को अपनी भाषा और संस्कृति नहीं छोड़नी चाहिए। अपने पारंपरिक ज्ञान से आने वाली पीढ़ी को भी अवगत करायें। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक अपनी भाषा में बातचीत करना चाहिए।

**कहा - अपने पारंपरिक ज्ञान से आने वाली पीढ़ी को भी अवगत करायें**

व्याख्यानमाला के अंत में कई प्राध्यापक, शोधकर्ताओं एवं छात्रों ने डॉ तोशिकी ओसादा से प्रश्न किये, जिसका उन्होंने सहजता पूर्वक उत्तर दिया। व्याख्यानमाला में स्वागत समन्वयक डॉ. हरि उरांव ने, जबकि धन्यवाद किशोर सुरीन ने किया। संचालन मुंडारी विभाग के प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार सोय ने किया। इस मौके पर मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष नलय राय, मनय मुंडा, नागपुरी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ खालिक अहमद, मधु, डॉ सविता केसरी, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, करम सिंह मुंडा, डॉ सरस्वती गागराई, शकुंतला बेसरा, डॉ अजीत मुंडा के अलावा विभाग के शिक्षकगण, शोधकर्ता और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं ओबीसी आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना झारखंडी दलित, आदिवासी, मूलवासी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। यह दिन झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। उक्त बातें झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने हेमंत सरकार को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 20 वर्षों तक झारखंड के दलित, आदिवासी-मूलवासी समाज के हक और अधिकार को दबाकर रखा था, हेमंत सोरेन की सरकार ने उस अधिकार को दे दिया। इसके लिए झारखंडी सूचना अधिकार मंच एवं समस्त झारखंड के दलित, आदिवासी-मूलवासी समाज उनको इस कार्य के लिए बधाई देता है। नायक में कहा कि सदन से पारित दोनों विधेयक, जो झारखंड की जनता की मूल आत्मा से जुड़ा हुआ है, उनकी भावनाओं के साथ जुड़ा हुआ है, उनको अविलंब केंद्र की सरकार कानून बनाकर नौवीं अनुसूची में डाले। अगर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार इन दोनों कानूनों को नहीं पारित करती है तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड से उसका सूपड़ा साफ करने के लिए झारखंडी समाज काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थानीय नीति के आंदोलन में शहीद हुए विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर, संतोष कुंकल एवं अन्य लोगों को सरकार शहीद का दर्जा दे। इस आंदोलन के दौरान जितने भी मामले दर्ज हुए थे, उन्हें सरकार हटाये।

### डोरंडा के वार्ड 45 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा वार्ड 45 के मिस्त्री मोहल्ला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें वार्ड 45 के पार्षद पप्पू गद्दी कार्यक्रम में पहुंच कर लाभुकों के बीच सरकार आपके द्वार के कई योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया। अपने वार्ड के जनता के बीच में कंबल वितरण किया। पार्षद पप्पू गद्दी ने कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में एक साथ दो चरणों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है की योग्य लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ उठायें। इस कार्यक्रम में रांची नगर निगम के कई पदाधिकारी, अंचल के पदाधिकारी, बीएलओ, आंगन बाड़ी सेविका एवं कर्मी मौजूद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी की थीम आजादी का अमृत महोत्सव था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी आशीष सिंह ने फीता काट कर वार्षिक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उसके बाद मुख्य अतिथि, विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य राजकिशोर शर्मा, उप प्राचार्य के आर झा, जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने दीप प्रज्ज्वलन किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने छात्र-छात्राओं के चतुर्दिक विकास पर इस प्रकार के रचनात्मक कार्यों में महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के नवनिर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका को अति महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो भेंट करते हुए सम्मानित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने अपने संदेश में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने कठोर परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। विद्यालय के उप प्राचार्य केआर झा ने अपने वक्तव्य में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने प्रदर्शनी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी बताया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के 12 सौ से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर लगभग 600 से भी अधिक प्रारूप (मॉडल) प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### लोक अदालत में रांची विवि के तीन वादों का निपटारा

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय लोक अदालत में रांची विश्वविद्यालय द्वारा तीन वादों का निपटारा किया गया और दो वादों को न्यायालय में रेफर किया गया। इस लोक अदालत में रांची विश्वविद्यालय द्वारा तप नारायण सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक संत जेवियर कॉलेज को कुल रू 72,94,039/- का भुगतान किया गया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेंहता एवं प्रभारी विधि कोषांग डॉ बच्चा राम झा की सराहना की गयी। सभी वादियों का भुगतान विश्वविद्यालय के अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा के माध्यम से हुआ।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में खिचड़ी बंटी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। प्रत्येक शनिवार के भांति शनिवार भी श्री चैती दुर्गा मंदिर परिसर में खिचड़ी चोखा अचार और चिप्स का वितरण की गयी। करीब 900 से 1000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य के भागी बने। आयोजन में मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह, लल्लू, राहुल सिंह, करण सिंह, आकाश रजक, नीकास वर्मा, अर्जुन सिंह, पवन रजक, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, रवि सिंह एवं बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।



रांची। रात्रि के 10 बजे रिम्स हॉस्पिटल के प्रांगण में सैकड़ों गरीबों, जरूरतमंदों को कंबल और पुराने गर्म कपड़े का वितरण किया।



1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति आंदोलन में शहीद हुए कैलाश कुजूर, संतोष कुंकल, विनय तिग्गा एवं मीरा सुमन कुजूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते आंदोलन के प्रणेता कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की।

## संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के तत्वावधान में मेकन स्थित त्रिमूर्ति चौक में डोमासाइल आंदोलन के दरम्यान अपने प्राण गंवानेवाले एवं 1932



खतियान की मांग को लेकर आंदोलनरत संतोष कुंकल, विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दरम्यान सहादत देनेवाले अमर रहे का नारा लगा कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने संबोधित किया। कार्यक्रम को विजय शंकर नायक और सरजन हांसदा और रंजीत उरांव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धन्यावाद ज्ञापन प्रवक्ता सुबोध डांगी ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव डा मुजफ्फर हुसैन, महिला अध्यक्ष विनिता खलखो, कोषाध्यक्ष गोपाल महतो, ऐरेन कच्छप, नगर अध्यक्ष सदाजय नायक, नवीन कच्छप, विजय साहू, रोहित ठाकुर, प्रवीण सहाय, सोमा सिंह, स्तुति लकड़ा, समीर उरांव उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस का शनिवार को विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय चार्ज कृष्णा अल्लावरु, झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव से झारखंड प्रभारी दीनबंधु शर्मा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक बंधु तिर्की, बेरमो के विधायक अनूप सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव रंजन, झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मानस सिन्हा, कुमार गौरव, कुमार राजा, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी, एहसान खान, मीडिया के यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष निशा, रोशन, विशाल तिर्की, चेयरमैन उज्जवल प्रकाश तिवारी, सोशल मीडिया के चेयरमैन संजय कुमार शामिल हुए। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि यूथ कांग्रेस ने जो मुहीम शुरू किया है वह बहुत ही सराहनीय है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव रमन सिंह बंटी, सत्यम सिंह, प्रिंस भट्ट, आफताब आलम, इमरान खान, मेहुल प्रसाद, नीतीश सिन्हा, प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत, अभिषेक तिवारी, विवेक तिवारी सहित सभी जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष नगर अध्यक्ष शामिल थे।

## पेशरार में भाजपा का राज्य सरकार के खिलाफ धरना



**भाजपा ने हमेशा स्थानीयता और नियोजन नीति व ओबीसी आरक्षण का समर्थन किया है : प्रतुल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा के पेशरार मंडल द्वारा जन आक्रोश रैली प्रदर्शन कार्यक्रम पेशरार प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रखंड अध्यक्ष भारत किसान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, प्रभारी अनिल उरांव, पशुपतिनाथ पारस, राहुल शाहदेव भाजयुमो प्रदेश सदस्य, प्रदर्शन के दौरान संबोधन करते हुए मुख्य वक्ता प्रतुल शाहदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बहुत सारे वायदे किए परंतु वह जनता के लिए नहीं बल्कि स्वयं व स्वयं परिवार और मंत्रीमंडल के सदस्यों के कमियों को पूरा करने के लिए थे। मौके पर कार्यक्रम को पशुपति नाथ पारस, राहुल शाहदेव, भरत, किसान, शुकुल राम ने भी संबोधित किया। मौके पर उपस्थित भरत किसान संजीव भगत, शुकूल राम, विष्णु देव सिंह, महेंद्र उरांव, गोयल तुरी, जगु तुरी, किशुन खेरवार, जितेंद्र नगेसिया, विजय नगेसिया, गनेस नगेसिया देव चरन नगेसिया, रमनी नगेसिया हरी महतो शामिल हुए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड दौरा

# एनएसजी ने संभाली सुरक्षा की कमान, एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही हैं। इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। इसी दौरान शनिवार को एनएसजी ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। जानकारी के मुताबिक एनएसजी की एंटी ड्रोन सिस्टम को खूंटी के उलीहातू में इंस्टॉल किया गया है। खूंटी का उलीहातू नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, इस कारण राष्ट्रपति की सुरक्षा को



लेकर एंटी ड्रोन सिस्टम को तैनात किया गया है। रांची पुलिस के द्वारा होटलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**15 आइपीएस संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था की कमान :** रांची रेंज के डीआइजी अनीश गुप्ता के नेतृत्व में 15 आइपीएस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। इनमें प्रियदर्शी आलोक, धनंजय सिंह, संजय रंजन सिंह, शैलेंद्र वर्णवाल, अजीत पीटर डुंगडुंग, एम तमिल वानन, निधि द्ववेदी, विनित कुमार, अश्विनी सिन्हा समेत कई अन्य आईपीएस शामिल हैं। मोरहाबादी मैदान में आइपीएस अधिकारी समेत अन्य सुरक्षाकर्मियों की ब्रीफिंग की गयी।

## 36वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ॐ नमो भगवते गोविंदाय, कृ कृष्णाय नमः, ॐ नमो भगवते नंदपुत्राय नमः, ॐ कृष्णाय गोविंदाय नमो नमः, ॐ श्री श्याम देवाय नमः, मंत्र से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 22:23 पर शनिवार को 36वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजीव रंजन मित्तल, वरिष्ठ सदस्य कविता मित्तल ने अपने सुपुत्र यशवर्धन मित्तल ने अपने परिवार के साथ 36वां श्री श्याम भंडार की सेवा निवेदित की। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में शुक्रवार से मंदिर के श्री श्याम रसोई में भंडारे का प्रसाद निर्मित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री, विश्वनाथ नारसरीया, राजीव रंजन मित्तल श्रवण, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, पूर्व सांसद अजय मारु, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राजेश चौधरी, अमित सरावगी, प्रदीप मोदी, साहित्य पवन, संजय सर्राफ, गोपाल साहू, मनोहर केडिया, अरविंद सोमानी, अरुण बुधिया ने भंडारे की व्यवस्था में सहयोग किया।

## दिल्ली के जंतर मंतर पर आदिवासियों का महाधरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान एवं दिल्ली सरना समाज के संयुक्त तत्वावधान में जंतर मंतर पर शनिवार को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर महाधरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मगुरु बंधन तिग्गा और दिल्ली सरना समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने की।

महाधरना के अध्यक्ष धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना धर्म उतना ही सच्चा है, जितना सूरज और चांद। भारत के आदिवासियों का जीना-मरना, धार्मिक व अलौकिक दुनिया और पुरखों की संस्कृति का अनुभव सरना धर्म की प्रकृति है। सरना धर्म, जो शाश्वत है, उसको दूसरे धर्म के लोग गलत तरीके से परिभाषित न करें। शिक्षाविद डॉ करमा उरांव सरना धर्म कोड आंदोलन की रूपरेखा भावी राजनीति पर रणनीति का खुलासा किया. कहा कि आजाद भारत में सबसे ज्यादा उनके अधिकारों और उनके जीवन संस्कृति पर कुठाराघात हुआ है। महाधरना को सह अध्यक्ष अनिल कुमार भगत, सेंगेल अभियान के अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मूर्मू, मध्यप्रदेश के विधायक हीरालाल और विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सभी को सरना धर्म कोड जैसी मांग का समर्थन करना चाहिए।

महाधरना को शिवा कच्छप, निर्मला भगत, रवि तिग्गा, मथुरा कंड़ीर, मणिलाल केरकेट्टा, नारायण उरांव, बिरसा कंडीर, संगम उरांव, सुभाष मुंडा, विधासागर केरकेट्टा, डॉ गोमती बोदरा, डॉ आयशा उरांव, दुर्गावती ओड़ेया, अनूप टोप्पो, प्रदीप भगत, राम किशोर केरकेट्टा, भगवान दास मुंडा, अजीत टेटे आदि ने संबोधित किया।

## विधायक कैश कांड में अन्य विधायकों पर भी इडी की नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों से जुड़े कैश कांड मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कर रहा है। इसमें विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन बिक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को नामजद किया गया है। इडी अब केस की जांच मनी लाउंड्रिंग के एंगल से भी करेगा। इस मामले में कुछ अन्य विधायकों पर भी इडी की नजर है, जिनसे आने वाले दिनों में पूछताछ कर सकती है।

**विधायक अनूप सिंह की प्राथमिकी को बनाया था आधार :** इधर, 31 जुलाई को रांची के अरगोड़ा थाने में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ जाकर जीरो एफआईआर दर्ज करवाई थी. अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी सहित दो अन्य विधायकों ने मौजूदा हेमंत सरकार को गिराने के एवज में मंत्री पद और 10 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया था. यह भी आरोप लगाया था कि तीनों विधायकों ने उनको कोलकाता बुलाया था, जहां से वे गुवाहाटी जाने वाले थे. गुवाहाटी में उनकी मुलाकात असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से होनी थी। रांची पुलिस ने इस जीरो एफआईआर को कोलकाता पुलिस को ट्रांसफर कर दिया था।

**कोतवाली और धुर्वा थाना के केस को भी ईडी करेगा टेकओवर :** हेमंत सरकार के खिलाफ साजिश मामले में कोतवाली और धुर्वा थाना में दर्ज एफआईआर को भी इडी टेकओवर कर सकता है। खबर है कि इडी ने इसके लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है।

## भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए 5 नामों का पैनल : अरुण साव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए प्रत्याशी चयन प्रक्रिया के तहत आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जी की उपस्थिति में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए प्रत्याशी चयन हेतु रामविचार नेताम, शिवरतन शर्मा, संतोष पांडेय तथा रंजना साहू की सदस्यता वाली 4 सदस्यीय टीम बनायी थी, जिसने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य लोगों से मुलाकात कर बातचीत की। इसमें 17 नाम सामने आये। सभी नामों पर विचार करके हम 5 नामों का पैनल केंद्रीय चुनाव समिति को भेज रहे हैं।

भाजपा चुनाव समिति की बैठक में राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, महामंत्री संगठन पवन साय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, बृजमोहन अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सरोज पांडेय, रामविचार नेताम, संतोष पांडेय, शिवरतन शर्मा, मोहन मंडावी, गौरीशंकर अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में ताइक्वांडो चैंपियनशिप का उद्घाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में चौथे बीके बिरला ताइक्वांडो ट्रॉफी के लिए सातवें जिला स्तरीय अंतर्विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन





किया गया। इस कार्यक्रम को रांची जिले के ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया। इस समारोह में 16 विद्यालयों के लगभग 307 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। आज की प्रतियोगिता में अंडर 14 कैटेगरी के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजन करने के लिए विद्यालय की सराहना की और प्रतिस्पर्धा में आये सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि प्रतियोगिताएं हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं जिससे हम भविष्य में हर परिस्थिति का सामना करने में सक्षम हो पाते हैं। ताइक्वांडो आत्मरक्षा की एक बेहतरीन तकनीक है इसे सभी लड़कियों को भी सीखना चाहिए।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मुमताज अहमद के नेतृत्व में उपायुक्त रांची से मिलकर चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी को सम्मानित करने का आग्रह किया। इसपर उपायुक्त रांची ने सम्मानित करने के लिये नोडल अधिकारी को निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को महामहिम के कार्यक्रम के बाद सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा जायगा। श्री खान ने आंदोलनकारी को आमंत्रण पत्र देने की भी मांग की । साथ ही उन्होंने ताम्रपत्र ,परिचय पत्र और प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग की। नोडल पदाधिकारी ने नजारत उपसमाहर्ता को अपने पत्रांक 1580 दिनांक 9 -11-22 के द्वारा आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। प्रतिनिधिमंडल में बिमल कच्छप, शफीक आलम,सुशीला एक्का,मनकी जगरनाथ सिंह मुंडा, दिवाकर साहू,शिव शंकर महतो,प्रदीप शर्मा ,दीपांकर एडवोकेट, विजय साहू,मानव घोष, सीता रानी जैन, एतवा ओराओन, मनावर और असलम शामिल थे।

## टेंपलेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पिछले 4 वर्षों के भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन टेंपलेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में टीम प्लेट कंपनी के मुख्य प्रबंधक आर एन मूर्ति और विशिष्ट अतिथि के रूप में हर हर महादेव संघ के संस्थापक एवं भाजपा झारखंड राज्य के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी रुपेश कटिहार, शिव शंकर एवं गणेश महाली उपस्थित थे। इस टूनार्मेंट के संस्थापक अध्यक्ष रतन महतो ने टूनार्मेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय टूनार्मेंट है। इसमें झारखंड एवं बाहर के विभिन्न राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि की टीम इस टूनार्मेंट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जीतने वाली टीम को इनाम के रूप में नगद 170000 रुपये, उपविजेता टीम को 110000 रुपये, तीसरा एवं चौथा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 50000 रुपये दिया जायेगा।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि की विशिष्टता आगे भी रहेगी : कुलपति प्रो. तपन शांडिल्य

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, द्वारा नये सत्र, स्नातक सह स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय,रांची की गरिमा रही है। इस विशिष्टता में इस संस्थान के विद्यार्थियों के साथ ही साथ आधारभूत संरचना का भी अपना इतिहास रहा है, जो आज भी दिखता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बनने से पूर्व यहां की विशिष्टता इसे अन्य से अलग करती है, वर्तमान में भी हम श्रेष्ठ करने का प्रयास कर रहे हैं और भविष्य में भी श्रेष्ठता की ओर अग्रसर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज बढ़ते संसाधनों को लेकर हम शैक्षिक ऊंचाई की अंतिम सीमा तक पहुंचने के लिए संकल्प लेते हैं और यह आप विद्यार्थियों के सहयोग से संभव है। डॉ अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारे संस्थान में 80प्रतिशत विद्यार्थी कृषक परिवार से हैं, जो काफी मेहनती हैं। पूर्व विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा सत्य की तलाश में रहता है। हम अपने अनुशासन, परंपरा और प्रतिष्ठा के आधार पर ही पहचाने जाते हैं और आगे भी पहचाने जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर अंशुल हेम्ब्रम और मिसेस फ्रेशर प्रियंका कुमारी को चुना गया। इस कार्यक्रम में विभागीय शिक्षक डा मृत्युंजय कोईरी, डॉ जितेंद्र सिंह,संगीता आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी।

## सुनहरे भविष्य का द्वार खोल रहा है गोल टैलेंट सर्च एग्जाम

**6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्रों के लिए जी-टी-एस-ई- में भाग लेने का अवसर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सफलता पाने की लगन, मन में कुछ करने का जुनून, सपने सच कर दिखाने का असीम उत्साह पर अच्छे मार्गदर्शन और उचित जानकारी का अभाव, कुछ ऐसी ही है झारखंड के अधिकतर छात्रों की कहानी। ऐसे में गोल टैलेंट सर्च एग्जाम छात्रों के लिए आशा की किरण बन कर पिछले कई वर्षों से लगातार छात्रों का मार्गदर्शन कर उनकी मंजिल तक पहुंचाने में लगातार मदद कर रहा है। परिणामस्वरूप हजारों छात्र प्रत्येक वर्ष इसका लाभ लेकर अपनी सफलता की राह को आसान कर रहे हैं। ऐसा कहना है गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं निदेशक विपिन सिंह का। उन्होंने गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के विषय में इन्होंने विस्तृत जानकारी दी। छात्र यह जान नहीं पाते कि जिन सपनों को वे संजोये हैं, वहां तक पहुंचने के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा में आखिर सफलता कैसे पायी जाये? उसके लिए तैयारी कैसे की जाये? और अगर उन्हें जानकारी पाने में विलंब हो जाता है, तो आज के कठिन प्रतियोगी समय में वे पीछे छूट जाते हैं।

दो चरणों में होने वाली इस परीक्षा के द्वारा सर्वप्रथम छात्र यह जान पायेंगे कि दूसरे अन्य छात्रों के बीच वर्तमान में उनका स्थान कहां है। स्कूल में होने वाले सब्जेक्टिव प्रश्नों के अलावा कंपीटिशन में पूछे जा रहे ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को सॉल्व कैसे करना होता है। इस तरह के प्रश्नों को सॉल्व करने के लिए माइक्रो लेवल पर तैयारी कैसे की जाती है। टाइम मैनेजमेंट कैसे हो सकता है? निगेटिव मार्किंग से बचने के लिए एक्यूरेसी कितनी महत्वपूर्ण है? इन सारे प्रश्नों का उत्तर छात्र गोल टैलेंट सर्च एग्जाम में भाग लेकर जान सकते हैउन्होंने कहा कि गोल टैलेंट सर्च परीक्षा के उपरांत गोल इंस्टीट्यूट पूरे झारखंड में सेमीनार का आयोजन करेगा, जिसमें मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं के विशेषज्ञ सेमीनार में उपस्थित सभी छात्रों को सफलता के टिप्स देंगे। दूसरे चरण की परीक्षा में चयनित सभी मेधावी छात्रों को उनके ऑल इंडिया रैंक एवं जोनल रैंक के आधार पर लैपटॉप, टैबलेट, बैग एवं कई अन्य पुरस्कारों से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही जीटीएसई की ओर से उनके द्वारा प्राप्त रैंक का सर्टिफिकेट एवं मैडल दिया जायेगा। इस परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर गोल इंस्टीट्यूट द्वारा चलाये जा रहे क्लास रूम प्रोग्राम एवं अन्य कोर्सों में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए रूचि रखने वाले छात्रें को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप दी जायेगी ।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer,**
**Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No.-BCD/SECNC/14/BCD, Building Division Chaibasa/2022-23 Date:-12-11-2022**

| क्र० | | | | वेबसाईट में ... की | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | - | 24.11.2022 11:00 AM | 25.11.2022 11:30 AM | 26.11.2022 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

datory for the Bidders.

PR ... e (22-23).D

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

# मुश्किल, पर सही फैसला

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे सभी छह अपराधियों को जेल से रिहा करने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश हर लिहाज से एक बड़ा फैसला है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या का यह मामला हर देशवासी की संवेदना से जुड़ा है। ऐसे में स्वाभाविक ही इसके पक्ष-विपक्ष में तीव्र भावनाएं भी पूरे देश में हैं, लेकिन न्याय से जुड़े किसी मामले को सिर्फ भावनाओं के आधार पर नहीं देखा जा सकता। न ही सजा का उद्देश्य अपराधी का उत्पीड़न होता है। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से देश की न्याय व्यवस्था की परिपक्वता का संदेश गया है। इसमें दो राय नहीं कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या एक ऐसी घटना है, जिसे यह देश कभी भूल नहीं सकता। लेकिन जहां तक इस घटना को अंजाम देने वालों का सवाल है, तो देश की न्यायपालिका ने उनके कृत्य के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयुक्त सजा सुनायी। अपराधियों के लिए बने कानूनों के प्रावधानों के तहत ही बाद में यह बात उठी कि वे सब अपने जीवन का बड़ा हिस्सा जेल में बिता चुके हैं। उनमें से कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। उन सबका जेल में आचरण अच्छा पाया गया है। कई ने जेल में रहते हुए गंभीर अध्ययन किया और उनके काम की बाहर भी तारीफ हुई। इन्हीं आधारों पर तमिलनाडु सरकार ने इन कैदियों की दया याचिका पर पॉजिटिव फैसला करते हुए इन्हें जेल से रिहा करने की सिफारिश की। मगर 2018 में की गयी इस सिफारिश पर राज्यपाल ने कोई फैसला नहीं किया। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल मई में एक कैदी के मामले पर सुनवाई करते हुए उसकी रिहाई का आदेश दिया और अब उसी केस को आधार बनाते हुए बाकी सबको भी मुक्त करने का फैसला दिया। निश्चित रूप से इस फैसले का राजनीतिक पक्ष भी है। तमिलनाडु ही नहीं, अन्य राज्यों में भी इस पर पक्ष-विपक्ष में प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया इस फैसले को गलत और अस्वीकार्य बताया है, लेकिन जहां तक गांधी परिवार की बात है, तो प्रियंका गांधी ने जेल में नलिनी से मुलाकात की थी। बाद में उनका बयान आया कि उन्होंने उसे माफ कर दिया है। राहुल गांधी भी कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनके मन में इन लोगों के खिलाफ कुछ नहीं है। पिता, पति या ऐसे ही अपने किसी करीबी को खोने का दुख तो आजीवन संग रहता है, लेकिन इसके बावजूद अगर यह परिवार इससे ऊपर उठ कर उन लोगों को माफ कर सका है, तो यह बड़ी बात है। समाज, देश और पार्टियों को भी निजी दुखों और भावनाओं से ऊपर उठ कर न्याय की उदात्त दृष्टि को समझने और अपनाने की जरूरत है, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है।


**कांग्रेस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया इस फैसले को गलत और अस्वीकार्य बताया है, लेकिन जहां तक गांधी परिवार की बात है, तो प्रियंका गांधी ने जेल में नलिनी से मुलाकात की थी। बाद में उनका बयान आया कि उन्होंने उसे माफ कर दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2019 में, सरकार ने इडब्ल्यूएस के लिए एक विशेष कोटा बनाने के लिए एक संवैधानिक संशोधन पारित किया। यह आरक्षण कोटा घरेलू आय द्वारा परिभाषित किया गया था, न कि जाति के आधार पर और सालाना आठ लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के लिए शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत नौकरियों और सीटों को अलग रखा गया था। अन्य योग्यता कारकों में पांच एकड़ या उससे अधिक की कृषि भूमि का कोई पारिवारिक स्वामित्व या 1,000 वर्ग फुट का आवासीय फ्लैट न होना शामिल है।**

# जाति और समुदाय के ठप्पे का राजनीतिकरण एक अभिशाप

हरि जयसिंह




7 नवंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में अपनी वैधता को बरकरार रखा, जो भारत में कल्याणकारी योजनाओं में बदल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्ल्यूएस) आरक्षण योजना के पक्ष में 3-2 के बहुमत से फैसला सुनाया।

बहुमत में तीन न्यायाधीशों के अनुसार केवल आर्थिक मानदंडों पर आधारित आरक्षण ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं किया। अल्पसंख्यक दृष्टिकोण रखने वाले न्यायमूर्ति भट्ट ने कहा कि आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का बहिष्कार ओरवेलियन था, क्योंकि सरकारी आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत के आर्थिक रूप से वंचित वर्ग इन समूहों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा : संपूर्ण बहिष्करण सिद्धांत का शुद्ध प्रभाव ऑरवेलियन है, (ऐसा कहना है) जो यह है कि जाति या वर्ग की परवाह किए बिना सभी सबसे गरीब लोगों को उन पर विचार करने का अधिकार है, फिर भी केवल वे, जो अगड़े वर्गों या जातियों से संबंधित हैं, पर विचार किया जायेगा और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के लोग अपात्र होंगे।

**प्रख्यात राजनयिक बीके नेहरू ने एक बार टिप्पणी की थी कि पूरा देश उन्नत माने जाने की प्रतीक्षा करने की बजाय अपने पिछड़ेपन पर गर्व करने लगा है।**

2019 में, सरकार ने इडब्ल्यूएस के लिए एक विशेष कोटा बनाने के लिए एक संवैधानिक संशोधन पारित किया। यह आरक्षण कोटा घरेलू आय द्वारा परिभाषित किया गया था, न कि जाति के आधार पर और सालाना आठ लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के लिए शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत नौकरियों और सीटों को अलग रखा गया था। अन्य योग्यता कारकों में पांच एकड़ या उससे अधिक की कृषि भूमि का कोई पारिवारिक स्वामित्व या 1,000 वर्ग फुट का आवासीय फ्लैट न होना शामिल है।

**यह भारत के सामाजिक और आर्थिक मूल्यों पर एक घटिया टिप्पणी है। हमने देखा है कि अधिकांश राजनेताओं ने सार्वजनिक रूप से जाति-आधारित सांप्रदायिक राजनीति की निंदा की है। हालांकि, व्यवहार में वे हमेशा सार्वजनिक रूप से जो कहते हैं, उसके ठीक विपरीत करते हैं।**

उल्लेखनीय है कि संवैधानिक संशोधन को घोषणा के दो दिनों की अवधि के भीतर पारित कर दिया गया और एक चर्चा के लिए कोई जगह नहीं थी। एक हिंदी पत्रिका के पूर्व प्रबंध संपादक दिलीप मंडल कहते हैं कि : ...यह कानून जल्दबाजी में पारित किया गया था। चुपके से पारित किया गया। संविधान (124वां संशोधन) विधेयक, 2019 को 8 जनवरी, 2019 को अघोषित रूप से संसद में पेश किया गया था, जैसे कि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला शामिल हो। इसे 48 घंटे के भीतर दोनों सदनों में पारित कर दिया गया और अगले दिन राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गयी। आदर्श रूप से, दूरगामी प्रभाव वाले ऐसे विधेयकों को व्यापक चर्चा और परामर्श के लिए विभाग-संबंधित समितियों को भेजा जाना चाहिए। जल्दबाजी में किसी विधेयक को पेश करना और पारित करना गैरकानूनी नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से संवैधानिक नैतिकता और औचित्य के खिलाफ है।

यह तर्क दिया जाता है कि इडब्ल्यूएस कोटा अनिवार्य रूप से उच्च जातियों के गरीब सदस्यों के लिए एक योजना है क्योंकि इसमें अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों (एसइबीसी) को शामिल नहीं किया गया, भले ही वे गरीब हों। 103वें संशोधन को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि :-

**1.** केवल आर्थिक दर्जे पर कोटा बनाना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है।

**2.** इस योजना से दलितों/आदिवासियों को बाहर करना बेवजह भेदभावपूर्ण है।

**3.** पिछड़ेपन को परिभाषित करना महत्वपूर्ण है और सरकार को उच्च जाति इडब्ल्यूएस के पिछड़ेपन की स्थिति का पता लगाने के लिए अध्ययन करना चाहिए और यह कि क्या उन्हें कलंक या भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

यह याद किया जा सकता है कि आरक्षण की अवधारणा को पत्रकार और समाज सुधारक दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर (जिन्हें काका कालेलकर के नाम से भी जाना जाता है) ने खारिज कर दिया था। उनकी अध्यक्षता में प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग (1955) ने पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जांच की। इसकी सिफारिशें, जिन्हें कभी लागू नहीं किया गया, में कहा गया कि आर्थिक पिछड़ापन, न कि जाति, तरजीही व्यवहार का आधार होना चाहिए। इसे सरदार प्रताप सिंह कैरों द्वारा खूबसूरती से आगे बढ़ाया गया, जो पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री थे, जिसमें पंजाब, हरियाणा और हिमाचल का हिस्सा शामिल था। उन्होंने कहा- हरिजन आय से, जाति से नहीं।

कालेलकर आयोग इस बात से अवगत था कि पिछड़ेपन का आकलन जाति की कसौटी के अलावा गरीबी, निवास और व्यवसाय से भी किया जा सकता है। यह विचार था कि पिछड़े समूहों के सदस्य, जिन्होंने एक निश्चित स्तर की आर्थिक और शैक्षिक उन्नति प्राप्त कर ली थी, उन्हें पिछड़े वर्ग से हटा दिया जाना चाहिए। यह महसूस किया गया कि पिछड़ेपन का आकलन करने के लिए व्यक्ति और परिवार आदर्श आधार होंगे, क्योंकि जाति की कसौटी कुछ अस्पष्ट थी और लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ भी, क्योंकि इसने जाति और वर्ग भेद को और बढ़ावा दिया था। पिछड़े वर्ग में लोगों के समूह को दिये जाने वाले विशेषाधिकार बहुत अधिक हैं। इस संबंध में, प्रख्यात राजनयिक बीके नेहरू ने एक बार टिप्पणी की थी कि पूरा देश उन्नत माने जाने की प्रतीक्षा करने की बजाय अपने पिछड़ेपन पर गर्व करने लगा है।

यह भारत के सामाजिक और आर्थिक मूल्यों पर एक घटिया टिप्पणी है। हमने देखा है कि अधिकांश राजनेताओं ने सार्वजनिक रूप से जाति-आधारित सांप्रदायिक राजनीति की निंदा की है। हालांकि, व्यवहार में वे हमेशा सार्वजनिक रूप से जो कहते हैं, उसके ठीक विपरीत करते हैं। इस तरह का पाखंड भारत के सामाजिक लोकाचार का हिस्सा बन गया है। दरअसल, जाति और समुदाय के लेबल का राजनीतिकरण भारतीय राजनीति पर एक अभिशाप रहा है।

## जमशेदपुर की खबरें

### नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

# जमशेदपुर डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला (जमशेदपुर) प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। जमशेदपुर के मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद व चाकुलिया नगर पंचायत के लिए होने वाले चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव द्वारा परसुडीह बाजार समिति, श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, जमशेदपुर सदर प्रखंड परिसर का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग, स्थापना उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमशेदपुर सदर प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होने स्ट्रांग रूम निर्माण को लेकर परसुडीह बाजार समिति में बने अलग अलग भवनों का मुआवना किया। बाजार समिति परिसर में ही काउंटिंग हॉल का निर्माण, रिजर्व रूम एवं कंट्रोल रूम अधिष्ठापन को लेकर भी जरूरी निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम के पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होने पुलिस बल के ठहराव को लेकर भी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए. साथ ही विद्युत, पेयजल एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां ससमय दुरुस्त रखे जाने की बात कही। भवन प्रमंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने व भवनों में आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य कराने के भी निदेश दिये गये। जमशेदपुर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने बताया कि परसुडीह बाजार समिति में ईवीएम का रिसिविंग सेंटर तथा जमशेदपुर सदर प्रखंड परिसर में डिस्पैच सेंटर बनाया जायेगा। प्रखंड परिसर की साफ-सफाई, वाहन पड़ाव तथा यहां भी भवन प्रमंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने एवं आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य पूरा कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। रिसिविंग एवं डिस्पैच सेंटर परिसर में पुख्ता सुरक्षा को लेकर बैरिकेडिंग भी कराने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के गाइडलाइन के मुताबिक निर्वाचन कार्य का संचालन किया जायेगा।

# आदित्यपुर के सीआरपीएफ बटालियन से गायब दोनों इंसास बिहार से बरामद

### गायब जवान की हो रही है तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर स्थित सीआरपीएफ 157 बटालियन से गायब दोनों इंसास को पुलिस ने बिहार के भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना अंतर्गत सिसुहारी गांव से बरामद कर लिया है। पुलिस ने एक कार भी जब्त किया है, जिसे देर रात तक लेकर आदित्यपुर पहुंचने की संभावना है। बता दें कि 3 दिन पूर्व सीआरपीएफ का निलंबित जवान रोहित कुमार कैंप में रखे दो इंसास के साथ फरार हो गया था, जिसके बाद सीआरपीएफ की ओर से आदित्यपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होते ही आदित्यपुर पुलिस की ओर से एक टीम का गठन किया था। टीम ने जवान के पैतृक गांव में दबिश दी, जहां घर के पीछे जमीन में गाड़ कर रखे दोनों इंसास पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। हालांकि आरोपी जवान पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। उसकी तलाश जारी है।

# पूर्व मंत्री समरेश सिंह अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह बोकारो के पूर्व विधायक 81 वर्षीय समरेश सिंह की तबीयत शनिवार को अचानक खराब हो गयी। उन्हें आनन-फानन में बोकारो जनरल अस्पताल के सीसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। पूर्व मंत्री समरेश सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है। उनके अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पर कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की है। लोगों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। अस्पताल में उनके दोनों बेटे सिद्धार्थ सिंह और संग्राम सिंह तथा पुत्र वधु श्वेता सिंह और परिंदा सिंह के साथ उनके समर्थक लगातार उनकी हालत पर चिकित्सकों से बात कर रहे हैं।

**भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं समरेश सिंह :** बोकारो के पूर्व विधायक समरेश सिंह भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं । पहली बार 1977 में बाघमारा विधानसभा से समरेश सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी। इसके बाद मुंबई में 1980 में आयोजित भाजपा के प्रथम अधिवेशन में कमल निशान का चिह्न रखने का सुझाव इन्हीं का था, जिसे केंद्रीय नेताओं ने मंजूरी दी थी । दरअसल समरेश सिंह को 1977 के चुनाव में कमल निशान पर ही जीत मिली थी। बाद में समरेश भाजपा से 1985 और 1990 में बोकारो से विधायक निर्वाचित हुए । इससे पहले 1985 में सिंह ने इंदर सिंह नामधारी के साथ मिल कर भाजपा में विद्रोह कर 13 विधायकों के साथ संपूर्ण क्रांति दल का गठन किया था। इस पर कुछ ही दिनों के बाद संपूर्ण क्रांति दल का विलय भाजपा में कर दिया गया। वर्ष 1995 में समरेश सिंह ने भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा व हार गये । इसके बाद वर्ष 2000 का चुनाव उन्होंने झारखंड वनांचल कांग्रेस के टिकट पर लड़ा। झारखंड बनने के बाद वे राज्य के प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री थे। फिर 2009 में झाविमो के टिकट पर विधायक बने।

### जमशेदपुर में भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) का राज्यस्तरीय सम्मेलन शुरू

# आम जनता की एकता को मजबूत कर मजदूर वर्ग के संघर्ष को तेज करना होगा : तपन सेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देश भर में मजदूर आंदोलन का नेतृत्व करने वाला मजदूर संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का सातवां दो दिवसीय झारखंड राज्य सम्मेलन मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने का आह्वान के साथ कॉमरेड नरेंद्र मिश्रा नगर और कॉमरेड टीएन सिंह मंच, काली मंदिर प्रांगण में शुरू हो गया। सर्व प्रथम गणीनाथ सेवा संस्थान से सम्मेलन स्थल तक प्रभावी मजदूर एकता रैली निकाला गया, जिसके बाद सीटू के राज्य अध्यक्ष मिथिलेश सिंह द्वारा मजदूर आंदोलन का प्रतीक लाल झण्डा फहराया गया, जहां शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे गगनभेदी नारो के बीच शहीद बेदी पर नेताओं और प्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन करते हुए देश के प्रख्यात श्रमिक नेता पूर्व सांसद और सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन ने कहा कि आज देश गंभीर दौर से गुजर रहा है। समाज के अंदर सांप्रदायिक जहर घोलते हुए जनता को बांटने की साज़िश की जा रही है। साम्राज्यवादी पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण दुनिया भयंकर आर्थिक मंदी की चपेट है। ट्वीटर, फेसबुक, अमेजन जैसे बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियों से हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। भारत में भी मोदी सरकार की कॉरपोरेट परस्त मजदूर विरोधी नीतियों के चलते नेशनल मोनेटाइजेशन पाइप लाइन के माध्यम से लूट मार्ग के रास्ते देश की सभी सार्वजनिक संपतियों को पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है।

झारखंड की महत्वपूर्ण खनिज कोयला क्षेत्र को पूरी तरह से कॉरपोरेट को बेच दिया जा रहा है। स्थाई मजदूरों की संख्या घट कर आधे से भी कम हो गया है। ठेका और आउटसोर्सिंग पर मजदूरों को रखा जा रहा है, जहां न समाजिक सुरक्षा है और न ही न्यूनतम मजदूरी दिया जाता है। देश में 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। स्टील क्षेत्र में 1 लाख 10 हजार मजदूर कार्यरत थे, जो आज घट कर मात्र 55 हजार रह गया है। रेलवे में आधे से ज्यादा नौकरियां समाप्त कर दिया गया है। लोगों के पास खरीदने की क्षमता नहीं है। भुखमरी में आज 122 देशों में भारत का एक सौ सातवें स्थान पहुंच गया है। देश की 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाला राज्य झारखंड आज बीमारू राज्य बन गया है। राज्य मे उद्योग धंधा चौपट हो गया है। एचइसी जैसी सरकारी कम्पनी बंदी के कगार पर खड़ा है। देश में पूंजीवाद को आगे बढ़ाने के लिए तानाशाही रास्ते पर चलते हुए मोदी सरकार देश को निजीकरण के रास्ते पर ले जा रही है। आजादी की 75



वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के नाम पर आजादी के खिलाफ साज़िश की जा रही है। आज इन परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए और देश को बचाने के जनता की व्यापक एकता को मजबूत कर मजदूर वर्ग की लड़ाई को तेज करना होगा, जो संभव है, क्योंकि कृषि कानून के खिलाफ एक साल तक चले किसान आंदोलन ने यह साबित कर दिया है कि एकताबद्ध होकर लड़ाई लड़ा जायेगा तो हम तानाशाह सरकार को भी पीछे धकेल सकते हैं।

उद्घाटन सत्र को सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान शंकर मजुमदार, कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव डीडी रामानंदन, सीटू के राज्य महासचिव प्रकाश विप्लव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के के त्रिपाठी, एटक के वरिष्ठ नेता बी एन सिंह, एक्टू के राज्य महासचिव शुभेंदु सेन, किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पारस कुमार, बेफी के सुजॉय राय, बीमा कर्मचारी संघ के प्रदीप मुखर्जी, जलेस के अशोक शूर्यदर्शी और एडवा नेत्री पालमोनी किस्कू ने भी संबोधित किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर शांतनु सरकार ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव विश्वजीत देव ने किया। उदघाटन सत्र के बाद प्रतिनिधि सत्र में सीटू के राज्य महासचिव प्रकाश विप्लव ने राजनीतिक सांगठनिक प्रतिवेदन पेश किया।

# गालूडीह में पैरागुड़ी के पास जमीन मापी का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**गालूडीह।** गालूडीह के एनएच-33 खड़िया कॉलोनी के पास पैरागुड़ी मौजा की जमीन शनिवार को जमशेदपुर निवासी पूरबी पाल द्वारा अमीन से मापी करायी जा रही थी। इस दौरान ग्रामीणों ने जमीन मापी का जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जमीन सरकारी है। जब तक पूरबी पाल द्वारा उक्त जमीन का मूल दस्तावेज नहीं दिखाया जाता तब तक जमीन की मापी किसी भी हाल में नहीं होने देंगे। ग्रामीणों के विरोध करने के बाद भी जब जमीन की मापी नहीं रुकी तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी। जनप्रतिनिधियों ने महिला से जमीन का मूल दस्तावेज मांगा तो जमीन की दावेदार पूरबी पाल ने दस्तावेज दिखाने से साफ मना कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उक्त जमीन महिला की है तो हमें कोई एतराज नहीं है। पहले ग्रामीणों को मूल दस्तावेज दिखाया जाए तब आगे कुछ किया जाय। अन्यथा वे लोग इसका जोरदार विरोध करेंगे। पूरबी पाल ने कहा कि उन्होंने वर्ष 1995 में उलियान कदमा जमशेदपुर निवासी संतोष दास के पुत्र तरुण दास से 32 डिसमिल जमीन खरीदी थी। वहीं ग्रामीण कह रहे हैं कि जब जमीन सरकारी है तो आखिर तरुण दास जमीन का मालिक कैसे हो सकता है। बता दें कि मामले की जांच होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जमीन रैयती है या सरकारी। इस दौरान पर जिला परिषद सदस्य सुभाष सिंह, मुखिया हरिपदो सिंह, ग्रामप्रधान तुलसी महतो सह सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## महत्वपूर्ण न्यूज

### डंडा प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जन आक्रोश प्रदर्शन



**डंडा (आजाद सिपाही)।** भाजपा द्वारा हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ जन आक्रोश प्रदर्शन जिले के डंडा प्रखंड कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ में डूबी है। जन आक्रोश कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, गढ़वा मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रा, वरिष्ठ नेता रामलाल भुईहर, राम प्रवेश बिंद, रामलाल चौधरी, नंदू चौधरी, यदु चौधरी, अमर शाह, उपेंद्र चौधरी, संगीता देवी, भंवरी देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित थे।

### भाजपा सगमा मंडल कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय पर किया जनाक्रोश प्रदर्शन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सगमा मंडल के तत्वावधान में जन आक्रोश रैली का आयोजन कर सगमा प्रखंड कार्यलय पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने हेमन्त सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि झामुमो सरकार बनने 36 माह के अंदर राज्य में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि अपराधी कहीं भी अपराध, बलात्कार कर निकल जाते हैं उनपर कार्रवाई करने के बजाए विधायक व मंत्री उनको संरक्षण देते हैं। धरना को अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, राजेश जयसवाल, तिलक धारी यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, संजय यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, राजू गुप्ता, बबलू ठाकुर, रामाशिष यादव, सखिचन्द प्रजापति ने संबोधित किया। कार्यक्रम में रविरंजन यादव, अभिषेक दुबे, संतोष प्रजापति, लालू कुशवाहा, सोनू जयसवाल, महेंद्र जयसवाल, रामचन्द्र शाह, अरुण यादव, रामकिशोर यादव, राजेश कुमार यादव, सतेंद्र प्रसाद, निराजय कुमार रजक, संतोषी कुशवाहा, राजेश बैठा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव ने की जबकि संचालन धर्मजीत यादव के द्वारा किया गया।

### केतार में भाजपाइयों ने निकाली जन आक्रोश रैली



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। रैली केतार कर्पूरी चौक से होकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंची। जहां उक्त रैली एक सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में शामिल शिवधारी राम ने कहा कि झारखण्ड में झामुमो के साथ गठबंधन की सरकार बनी है। इस सरकार के शासन काल में झारखण्ड राज्य में हत्या, भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, आदीवासी बहनों की हत्या, बलात्कार, बालू-पत्थर की लूट और झूठ चरम सीमा पर है। जनाक्रोश रैली में मंडल अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, उमेन्द्र यादव, संजय यादव, मुखिया मूंगा साह, पिंकू सिंह, राजू सिंह,रविंद्र सोनी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### भंडरिया मंडल भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया मंडल भाजपा इकाई द्वारा शनिवार को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के विरोध में प्रखंड मुख्यालय में जन आक्रोश रैली व विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ने की। जन आक्रोश रैली स्थानीय पी डब्लु डी डांक बंगला से चलकर, बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय तक गई व धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार में चारों तरफ लूट मची हुई है तथा अपराधियों का बोलबाला हो गया है। सभा को कार्यक्रम प्रभारी उतम पाण्डेय, भूषण सिंह, राजेश बर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केशरी, ने भी संबोधित किया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे भंडरिया, बरगढ़ प्रभारी रामकरेश चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिन्हा, आनंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि बड़गड़ ओमप्रकाश, भंडरिया प्रतिनिधी बिरझु सिंह, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर,उपाध्यक्ष विनय जयसवाल, सुरेश केसरी आदि सहित अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के विरोध में जनाक्रोश रैली निकाली

# राज्य में भय, भ्रष्टाचार, हत्या सहित बालू पत्थर की लूट मची है : अलखनाथ पांडेय

**वर्तमान सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है : सत्येंद्र नाथ तिवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के विरोध में जनाक्रोश रैली निकालकर सरकार से इस्तीफे की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं संग क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता अलख पांडेय, राजीव राज तिवारी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी एवं सूरज गुप्ता की अगुवाई में रंका थाना मोड़ से हजारों कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रखंड परिसर पहुंचे। जहां पर प्रखंड के मुख्य द्वार पर इन नेताओं ने धरना दिया।

धरना का नेतृत्व करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अलख पांडेय ने कहा कि झारखंड की भ्रष्ट सरकार माफियाओं को संरक्षण देकर यहां के लोगों की हत्या करवा रही है। उनके राज्य में ना तो बालिकाएं और ना ही राज्य के नेता ही सुरक्षित हैं। हाल के दिनों में ही चिनिया प्रखंड में अयूब मंसूरी की हत्या इसका ताजा उदाहरण है। हम सरकार से अयूब मंसुरी हत्या कांड की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। सरकार के मंत्री लूट खसोट में आकंठ डूबे हुए हैं।

राजीव राज तिवारी ने कहा कि सरकार बालू की माफिया गिरी कर रही है तथा यहां के लोगों को घर बनाने के लिए भी बालू नसीब नहीं हो रहा है। अन्य प्रांत के लोग यहां के बालू को बेहिसाब रूप से लेकर जा रहे हैं। जिसको देखने वाला इस राज्य का मुखिया अपनी आंखों को बंद करके रखा है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है। हेमंत सरकार के मंत्री, विधायक गुंडागर्दी के भाषा में बयानबाजी करने में लगे हुए हैं। भाजपा के कार्यकर्ता हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनहित में निर्णय ले चुके हैं। आने वाले दिनों में बहुत जल्द झारखंड सरकार अपनी भ्रष्ट नीतियों की वजह से चली जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार में गांव से लेकर शहर तक के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता सुरज गुप्ता ने कहा कि झारखंड की जनता झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुकी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, भाजपा नेता रोशन पाठक सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, ओमप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश दास, अशोक कमलापुरी, गुड्डू तिवारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, रमेश यादव, दशरथ, पूर्व पार्षद सदस्य मुरारी यादव सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केतार में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई



**केतार (आजाद सिपाही)।** झामुमो सहित महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में ओबीसी के लिए 27% आरक्षण, स्थानीय के लिए 1932 का खतियान आदि पारित होने पर केतार प्रखंड के महागठबंधन के कार्यकर्ताओं में उल्लास का माहौल है। सरकार के इस फैसले की खुशी में झामुमो राजद कांग्रेस एवं मूल वासियों ने खूब जश्न मनाया। विधानसभा से पारित होते ही केतार में दूसरे दिन महागठबंधन के नेतृत्व में केतार अंबेडकर चौक से मेन बाजार होते हुए केतार मेन गेट तक रैली निकाली गई। झामुमो राजद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की एवं खूब हेमंत सोरेन जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए केतार मेन गेट पर खूब बम पटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाई। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, 20 सूत्री सदस्य छोटन कुमार सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, आरजेडी नेता ताजामुल अंसारी, ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो पंचायत अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता आदि नेताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड के बहुत ही ऐतिहासिक और बेहद खुशी का दिन है। कार्यक्रम में रामविचार साहू, सूर्यनाथ सिंह, मुखिया मनोरंजन गुप्ता, बिंदु राम, जयमाला प्रसाद, यमुना साह, सुरेश साह, जसमुद्दीन अंसारी ,छोटन सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय से एसडीओ ने मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**कहा- भवनाथपुर विस क्षेत्र के सभी गांव-गांव में जाकर मतदाताओं को निबंधन को लेकर जागरूक किया जायेगा**



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय से शनिवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 को लेकर सभी आम लोगों एवं मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया गया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ आलोक कुमार ने अनुमंडल कार्यालय से मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मौके पर एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव-गांव में जाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक निबंधन को लेकर जागरूक करने के लिये प्रचार प्रसार किया जायेगा। मौके पर श्री बंशीधर नगर के बीडीओ श्रवण राम, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक रवि कुमार, अनुमंडल कार्यालय के प्रधान सहायक सुरेश राम, शुभम कमल, कंप्यूटर ऑपरेटर कमल किशोर, उपेन्द्र कुमार समेत कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## कोलझिकी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किये**



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोलझिकी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ श्रवण राम, जिपस बाला रानी एवं मुखिया अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर बीडीओ श्रवण राम ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुये कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं को लिखित रूप से सम्बंधित विभाग के लगे स्टॉल पर जमा करायें। आपकी समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की दिशा में पहल की जायेगी। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता की समस्या को सुनकर निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

**जनसंपर्क :** नगर परिषद चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का जनसंपर्क पकड़ रहा जोर

# कंचन जयसवाल ने लोगों को विकास कार्य पूर्ण करने का दिलाया भरोसा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के नगर परिषद क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का जनसंपर्क जोड़ पकड़ने लगा है। हर वार्ड में प्रत्याशी रोजाना लोगों से मिलकर नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्य पूर्ण करने का दावा कर रहे हैं, तो वहीं नगर परिषद की भावी अध्यक्ष प्रत्याशी कंचन जायसवाल ने भी वार्ड वासियों के बीच जाकर उनसे विकास कार्य के लिए अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर कहा कि यदि आप सभी का आशीर्वाद हमें मिलता है तो मैं दानरो और सरस्वती नदी के दोनों तरफ तटबंध सह सीवरेज नाला एवं सोनपुरवा में लहसुनिया पहाड़ को पर्यटन में विकसित करने, टेंपो छोटे वाहन हर क्षेत्र का अलग-अलग स्टैंड बनाने, टंडवा में तेनार से टंडवा नदी किनारे होते हुए जोगी वीर बाबा होते हुए बिरहा चेक डैम के साथ मिनी बायपास निर्माण एवं गढ़वा शहर का सब्जी मार्केट मेन मार्केट सहीजना टंडवा में स्थाई सब्जी मार्केट एवं पार्किंग सुविधायुक्त गढ़वा टंडवा का जोड़ने वाला स्थाई पुल का निर्माण, हर घर जल नल योजना निशुल्क कनेक्शन कराना मुख्य प्राथमिकता है एवं युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में खेल मैदान उपलब्ध कराना है। जबकि नगर परिषद के अध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य नदी से नाला को अलग कराना है, ताकि छठव्रतियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नदी से नाला अलग नहीं होने के कारण शहर का गंदा पानी नदी में गिरता है, ऐसे में नदी का पानी प्रदूषित हो जाता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी घरों में पानी सप्लाई कनेक्शन निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं राम बांध तालाब चौपाटी जल पार्क बनाया जाएगा।

## चुनाव नजदीक आते ही शिलान्यास की रफ्तार बढ़ गयी है : संध्या सोनी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा नगर परिषद का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक पहुंच रहा है वैसे वैसे नगर परिषद के द्वारा कथित शिलान्यास की रफ्तार बढ़ती जा रही है। उक्त बातें समाज सेविका संध्या सोनी एवं दौलत सोनी ने शनिवार को एक बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों से पिंकी केसरी नगर परिषद की अध्यक्ष हैं और नगर परिषद क्षेत्र में विकास का ढोल आये दिन पीटा जा रहा है। अब चुनाव नजदीक आ गया है तो आनन-फानन में शिलान्यास कर-के गढ़वा नगर परिषद के मतदाताओं को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है ताकि फिर उन्हें पांच साल के लिए कुर्सी पर बैठा दिया जाए। हालत यह है कि शिलापट्ट स्थापित भी नहीं किया जा रहा है बल्कि शिलापट्ट कुर्सी पर रखकर शिलान्यास किया जा रहा है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के द्वारा पूर्व में एलईडी लाइट लगाई गई थी। लेकिन चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। आज पोल पर कहीं भी एलईडी नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रामबाण तलाब में करोड़ों खर्च के बाद भी स्थिति जस की तस है। कहा कि इस बार नगर परिषद की जनता वैसे प्रत्याशी को चुनेगी जो बिना कोई पद पर रहे नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में समाज सेवा कर कीर्तिमान स्थापित किया हो। उन्होंने कहा कि सिर्फ झूठा ढिंढोरा पीटने से इस बार मतदाता दिग्भ्रमित नहीं होनेवाले हैं।

**Office of the Executive Engineer –Cum –Member Secretary**
**Drinking Water And Sanitation Committee, Chatra**
**Email id – eedwsd.chatra01@gmail.com**

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Chatra, Jharkhand".**
The summary of tender details is as below:

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG Phase II/DWSD/GOBARDHAN/CH/34/2022-2023 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committee Chatra Jatrahibag, Chatra 825401 Phone: - 7544099310, 06541- 296082 Email: - eedwsd.chatra01@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committee Chatra Jatrahibag, Chatra 825401 Phone: - 7544099310, 06541- 296082 Email: - eedwsd.chatra01@gmail.com |
| 6 | Mobile Number | 7544099310 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.chatra01@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 12-11-2022 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 22-11-2022 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 01-12-2022 at 01.00 PM |
| Last date and time for submission of bids. | 06-12-2022 at 4.00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 07-12-2022 at 3.00 PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.
The Executive Engineer, D.W. & S. Committee Charta reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel he entire process without assigning any reason thereof.
All the EOI / Tender related document can be seen on chatra.nic.in

**Executive Engineer-cum-Member Secretary**
**District Water & Sanitation Committee Chatra**
**PR 282124 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**

**कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2022–23 से 2024–25 तीन वर्ष के लिए अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु दिनांक 29/11/2022 को 12:00 बजे पूर्वाह्न में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।
संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति वर्ष 2022–23 में अबन्दोबस्त जलकरों को सुरक्षित जमा निर्धारण राशि में बन्दोबस्ती दिनांक 25/11/2022 तक अपनी अहर्त्ता को पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती ले सकती है।
उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 06/12/2022 या इसकी अंतिम तिथि 14/12/2022 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | अंचल – मेदिनीनगर | | | | | |
| 1 | बारालोटा टैंक | 300 | 960, 961 | 3.70 | 2.50 | 5000.00 |
| 2 | चियाँकी तालाब | 129 | 627 | 3.70 | 2.50 | 17000.00 |
| | अंचल – पण्डवा | | | | | |
| 3 | सरैया डैम | 14 | 53 | 0.50 | 0.50 | 4500.00 |
| 4 | रामसागर तालाब | 42 | 211 | 7.50 | 6.20 | 55000.00 |
| 5 | विसैनसागर तालाब | 42 | 269 | 3.16 | 2.10 | 20000.00 |
| 6 | भूसरा डैम | 36 | 931 | 1.00 | 0.75 | 6000.00 |
| 7 | भूतहा आहर | 93 | 368 | 2.25 | 1.00 | 7000.00 |
| 8 | बहेरा आहर | 36 | 931 | 101.70 | 2.30 | 14000.00 |
| | अंचल – हरिहरगंज | | | | | |
| 9 | अररूआखुर्द तालाब | 134 | 340 | 0.27 | 0.15 | 1800.00 |
| 10 | हरिहरगंज तालाब | 300 | 1180 | 1.14 | 0.85 | 5000.00 |
| | अंचल – छत्तरपुर | | | | | |
| 11 | खाटीन तालाब | 88 | 517 | 1.50 | 0.40 | 4000.00 |
| 12 | हेसला तालाब | 83, 1 | 565, 619 | 21.28 | 4.00 | 25000.00 |
| | अंचल – हैदरनगर | | | | | |
| 13 | हैदरनगर तालाब | 431 | 1973 | 2.84 | 1.50 | 10000.00 |
| 14 | मुकहरकला तालाब | 81 | 104 | 10.98 | 4.00 | 26000.00 |
| | अंचल – नावाबाजार | | | | | |
| 15 | कण्डा तालाब | - | - | 1.00 | 0.81 | 3000.00 |
| | अंचल – चैनपुर | | | | | |
| 16 | फरबीस बाँध | 56 | 2,27,300,1014 | 1.65 | 1.50 | 27500.00 |
| 17 | निमिया तालाब | - | 58,122 | 1.37 | 1.37 | 10000.00 |
| 18 | सोनपुरवा तालाब | - | 154 | 2.10 | 1.50 | 11000.00 |
| 19 | बभण्डीह तालाब | - | 214,637,640 | - | 1.21 | 8000.00 |
| 20 | गरदा तालाब | - | - | 1.50 | 1.00 | 7000.00 |
| 21 | खपिया मछली घाट | - | - | - | - | 6000.00 |
| 22 | तलैया तालाब | - | 185,1527 | 1.81 | 1.18 | 9000.00 |
| 23 | नेउरा तालाब नं0–1 | - | 114,1659,391 | 2.04 | 2.04 | 15000.00 |
| 24 | नेउरा तालाब नं0–2 | - | 114,1659,391 | 2.04 | 2.04 | 15000.00 |
| 25 | बरॉव तालाब | - | 536,2616 | 1.40 | 1.00 | 8000.00 |
| 26 | काराकाट तालाब | - | - | 1.50 | 1.00 | 8000.00 |

डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–
1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 282146 Fish (22-23)_D

# राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल : सांसद संजय सेठ




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा सोनाहातू एवं बारेंदा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड परिसर में जन आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी ने किया। जिसमें रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। बालू की लूट मची है। वहीं, केंद्र सरकार के पुस्तकालय सलाहकार समिति सदस्य डॉ राजाराम महतो ने कहा कि झारखंड का निर्माण भाजपा ने किया है और इसे पार्टी ही संवारेगी। झामुमो ने आंदोलन को बेचने का काम किया था। वहीं भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी विनय महतो धीरज ने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार व्याप्त है। जगह-जगह धांधली हो रही है। सत्तारूढ़ दल के नेता हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दे रहे हैं, इसे साफ पता चलता है कि राज्य में गुंडाराज का शासन है। भाजपा नेता चौधरी महतो ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, महामंत्री परीक्षित मंडल, पदलोचन महतो, सदानंद महतो, नरेश महतो, खगेश महतो, जादूराम महतो, सुभाष महतो, गुनाधर चटर्जी, बलराम मुंडा और भागीरथ महतो आदि उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के खिलाफ तमाड़ में भाजपाइयों ने निकाली आक्रोश रैली





**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भाजपा की ओर से शनिवार को हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। भाजपाईयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार झूठ और फरेब की राजनीति बंद करें। लोगों को ठगने, बरगलाने और भटकाने की कोशिश ना करें। आरोप लगाया कि सरकार राज्य के युवा, महिला, किसान और गरीब मजदूर हित में कोई काम नहीं कर रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री को अपने दक का त्याग कर देना चाहिए। इस मौके पर कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा, विष्णु पद महतो, अजित महतो, गोलक दास अधिकारी, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, दिनेश साहू, सत्यनारायण महतो, राजकिशोर महतो, शशि कुमार महतो, मदन सिंह मुंडा, राकेश महतो, शशधर महतो, भगीरथ महतो, शंकर सोनार, कुश कुमार, सुखलाल महतो, गोपाल कुम्हार और शरद चंद्र गोंझू आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार में डूबी है हेमंत सरकार : डॉ प्रदीप वर्मा




**राहे (आजाद सिपाही)।** राहे भाजपा की ओर से शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में जनाक्रोश रैली आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, डॉ राजाराम महतो, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज और प्रताप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक से जन आक्रोश रैली निकाल भगत सिंह चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचा और वहां सभा की। अपने संबोधन में डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निरंकुश हो गई है। सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। सरकार इडी जांच में फंसता देख बौखला गई है। राज्य में अपराध चरम पर है। वर्तमान में महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। कहा कि राहे प्रखंड को सुखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिलेंगे। वहीं, डॉ राजाराम महतो ने कहा कि हेमंत सरकार जनता को बरगलाने में जुटी है। आने वाले दिन में जनता खुद को ठगा महसूस करेगी। वहीं, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि सरकार प्रखंड वासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। रांची जिले में राहे प्रखंड को छोड़ सभी प्रखंड को सुखाग्रस्त घोषित किया गया। प्रखंड में दलाली चरम पर है। इसलिए आज सरकार के विरुद्ध आंदोलन करने को विवश हैं। इस दौरान प्रभारी रंजीत लाहेरी, महिला नेत्री रेखा देवी, जवाहर महतो और ज्योति प्रसाद आदि ने भी सरकार की आलोचना की। कार्यक्रम का संचालन ओबोसी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप कुशवाहा ने किया। इस मौके पर भाजपा चुनाव प्रबंधन विभाग के प्रदेश संयोजक मृत्युंजय शर्मा, मंडल महामंत्री मेघनाथ महतो, दिलेश्वर महतो, रामधन महतो, कमला देवी, युधिष्ठिर महतो, सीतानाथ महतो, महेंद्र महतो, राजू महतो आदि थे।

## सोनाहातू से कांग्रेस ने शुरू की भारत जोड़ो यात्रा



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोनाहातू प्रखंड के बारेडीह चौक से शनिवार को कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया। भारत जोड़ो यात्रा प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ता बारेडीह, हारिन, बांकु, भकुवाडीह होते हुए सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। 10 किलोमीटर पैदल यात्रा के बाद प्रखंड मुख्यालय में स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पर सभा की गई। राकेश किरण महतो ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों और कांग्रेस की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। क्रमबद्ध तरीके से हर गांव में उद्देश्यों के साथ यात्रा निकाली जायेगी। जाति, धर्म, वर्ग को हम एक शूत्र में जोड़ने के लक्ष्य को लेकर भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है। वहीं, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश बैठा ने कहा कि भाजपा देश को जाति-धर्म के नाम पर तोड़ रही है, जिसे बर्दास्त नहीं करेंगें। इस मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी,निशिकान्त गोंझु, महिला मोर्चा के मेरी तिर्की और राजकिशोर मुंडा आदि थे।

## न्यायालय में लंबित 130 मामलों का हुआ निष्पादन

# लोक अदालत में 4,961 मामलों का निष्पादन, तीन करोड़ राजस्व वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दिल्ली नालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए छह बेंच बनाए गए थे। इसमें दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक लोन, एमवी एक्ट, नगर पंचायत, डीटीओ, फॉरेस्ट केस, एक्साइज के मामले और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि लोक अदालत के सभी छह बेंचों के माध्यम से कुल 4961 मामलों का निष्पादन किया गया। सा ही तीन करोड़ 14 लाख 63 हजार 239 रुपए राजस्व की भी प्राप्ति हुई। निष्पादित मामलों में न्यायालय में लंबित 130 मामले भी शामिल हैं। इससे पूर्व लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने लोक अदालत में निःशुल्क एवं सरल व सुलभ न्याय के बारे में अवगत कराया। विभिन्न वादों के निष्पादन के लिए बनाए गए छह बेंचों में से प्रथम बेंच में अपर जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, अधिवक्ता मिलन कुमार दास और राजेश कुमार शामिल थे। द्वितीय बेंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, अधिवक्ता कविता कुमारी व मदन मोहन राम थे। तृतीय में एसडीजेएम दिनेश बाउरी, अधिवक्ता आशीष कुमार एवं करम सिंह प्रमाणिक थे। चौथे में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद, अधिवक्ता सुमित कुमार कश्यप एवं अनीमा तिर्की शामिल थे। पांचवें में स्थायी लोक अदालत के सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक, दीपक कुमार विद्यार्थी एवं अधिवक्ता गौतम कुमार शामिल थे। इसी प्रकार छठे बेंच में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्ष रीता मिश्रा, सदस्य सुरेश राय व राधा रानी शामिल थीं। लोक अदालत में बड़ी संख्या में वादकारियों, अधिवक्तागण और पीएलवी आदि उपस्थित थे।




शिविर का शुभारंभ करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश।

# अपनी पहचान, जरूरत और सम्मान के लिए अब कहां करें उलगुलान : डॉ प्रणव बब्बू

**रांची रिवोल्ट-जनमंच के सदस्यों ने धरती आबा के गांव उलीहातू से भगवान बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने का लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाजसेवी, अधिवक्ता, भाजपा नेता और रांची रिवोल्ट-जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल और झारखंड गठन के 22 साल बाद भी अमर स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा के वंशजों एवं उनके गांव के लोगों को अपनी मूलभूत जरूरतों के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है। इस गांव के प्रति वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया पूरी तरह असहयोगात्मक और नकारात्मक है। अब यह समझ में नहीं आता कि धरती आबा के गांव के ग्रामीण अब अपनी जरूरतों, सम्मान व पहचान के लिये कब, कहां व किसके विरुद्ध उलगुलान करें? शनिवार को खूंटी जिला के उलीहातू गांव में रांची रिवोल्ट-जनमंच द्वारा वहां के ग्रामीणों की वास्तविक स्थिति जानने एवं उनके बीच सामाजिक अध्ययन करने एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। दल के सदस्यों ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी जरूरत, आर्थिक स्थिति आदि का अध्ययन कर वस्तु स्थिति को जानने का प्रयास किया। सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ उनकी पूजा की गयी। अध्ययन के दौरान ग्रामीणों में भारी निराशा और प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति व्यापक असंतोष देखने को मिला। उलीहातु में कुल मिलाकर स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली आपूर्ति की लचर स्थिति के साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य सरकारी लाभ भी जरूरत मंद ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि, भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस और उनकी पुण्यतिथि को छोड़कर अन्य दिनों में किसी भी सरकारी पदाधिकारी का गांव में कोई दौरा होना आश्चर्य की बात है। डॉ प्रणव बब्बू ने कहा कि एक आदर्श ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। साथ ही पूरे झारखण्ड में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा ताकि सरकारी योजनाएं ग्रामीण धरातल पर सही अर्थो में उतर सके। सुजाता भकत ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ के लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने की बात कही।




# मैकलुस्कीगंज लूटकांड में दो गिरफ्तार, हथियार व पैसे बरामद

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र में कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक से हुई लूट में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट का पैसों को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपितों की पहचान तुलसी जोशी और पंकज पासवान के रूप में हुई है। तुलसी छत्तीसगढ़ के दुर्ग और पंकज बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर का रहने वाला है। उनके पास से दो देशी कट्टा, एक रिवाल्वर, काला एवं लाल रंग की बाइक और एक मैगजीन बरामद किया गया है। बतातें चलें कि शुक्रवार को दिनदहाड़े लपरा पंचायत भवन में हमला कर बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन अपरादियों ने हथियार का भय दिखाते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालक से रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग निकले थे। इसकी शिकायत होने ही पुलिस हरकत में आ गई। रांची एसपी के निर्देश पर रांची ग्रामीण एसपी द्वारा खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में मैकलुस्कीगंज एवं चंदवा थाना की संयुक्त छापामारी दल का गठन किया, जिसनें त्वरित कारवाई करते हुए लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा थाना के कार्तिक उरांव चौक के पास आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।



## 2024 तक राज्य के हर घर में नल से पहुंचायेंगे स्वच्छ जल

# सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहा झारखंड का विकास : मिथिलेश ठाकुर

**शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल महोत्सव का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की जमकर तारीफ की। कहा कि दिशूम गुरु शिबू सोरेन ने संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया और उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। सभी वर्गों के साथ न्याय और पुरानी चिर प्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि शहीद रमेश सिंह मुंडा झारखंड ही नहीं एकीकृत बिहार के समय के जुझारू नेता थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लिए सराहनीय कार्य किए थे जिसे लोग आज भी याद करते हैं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए काम कर रही है। नई खेल नीति से खिलाड़ियों को अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार उन्हें रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही है। मंत्री ने अपने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बारे में बताया कि 2024 तक हर घर में जल और नल की व्यवस्था पहुंचयेगें। 25 हजार करोड़ की लागत से परदेस में स्वच्छ पेयजल को घर-घर तक पहुंचाने के लिए जनसेवा कार्य किया जा रहा है। बुंडू में 53 हजार की आबादी पर 20 हजार घरों में पेयजल की सुविधा प्रदान की गई है। बाकि 30 हजार घरों में भी सुविधा मुहैया करायेंगें। मंत्री ने स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा पिता के सम्मान में खेल महोत्सव कार्यक्रम करने पर प्रशंसा की और कहा कि अच्छे सपूत ही पिता के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वहीं, विधायक विकास मुंडा ने कहा कि मेरे पिता शहीद रमेश सिंह मुंडा तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के एक सच्चे जनसेवक थे। सभी लोगों के प्रयास से तमाड़ क्षेत्र के साथ राज्य के विकास में सक्रिय योगदान दिया था। मैं भी उनके सपनों को साकार करने के में लगा हूं। जनता का आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहे, मैं भी इस क्षेत्र का कायाकल्प करूंगा। इस मौके पर विभिन्न पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रसिद्ध शिक्षाविद कवि अजीत कुंडू कुड़माली कवि देवेंद्र नाथ महतो ने कविता और संगीत से स्वागत किया और पुस्तक भेंट किया। इस मौके पर विधायक की पत्नी गरिमा सिंह मुंडा, एसडीओ डीएसपी झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सागर कुमार, राजीव लोचन महतो, अरविंद सिंह, उमेश महतो, कलेश्वर मुंडा, सजल कुंडू, सतनारायण भगत, दिलीप स्वासी, अरशद अंसारी और मनोज भगत आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### तमाड़ में वीर बिरसा जयंती मेला 15 से 17 नवंबर तक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के डोरेया मैदान में तीन दिवसीय वीर विरसा जयंती मेला 15 से 17 नवंबर तक चलेगा। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। मैदान की जेसीबी से सफाई की जा रही है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद पुरूष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 16 को नागपुरी आरकेसटरा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जबकि 17 को लाटरी सहयोग कुपन का परिणाम घोषित किया जायेगा।इसमें बहतौर मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो भी शामिल होंगें। इसके लिए एक कमेटी बनायी गयी है जिसके अध्यक्ष बुधेशवर उराव, सचिव निरंजन उराव, कोषाध्यक्ष दीनु उराव, संयोजक राजेश, उराव देव कुमार उराव को बनाया गया है।

### बुंडू व तमाड़ में डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम में शनिवार को बुंडू एवं तमाड़ प्रखंड के तुजू, सलगाडीह के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं डोरया गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। पीएलवी ने लोगों को झालसा प्रोजेक्ट, आत्मनिर्ऊरता, मानवता व वात्सल्य, सहयोग पर लोगों को जागरूक किया गया। पीएलवी अनिमा मल्लिक नंदा नायक और कपिलदेव प्रसाद ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। आरती कुमारी, रमेश्वर चौधरी एवं सोनामनी देवी ने लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पीएलवी कपिलदेव प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, सोनामनी देवी, रूकमनि देवी, मुस्कान, अनिमा मल्लिक, शिला कुमारी आदि थी।

### 15 को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय




**अड़की/खूटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। बैठक में कार्यक्रम के प्रभारी और अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश के मंत्री जगन्नाथ मुंडा भी उपस्थित थे। इस मौके पर महामंत्री लादूरा मुंडा, सुदर्शन भोगता, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मुंडा, मंत्री राधा मुंडू, कोषाध्यक्ष बसंत सिंह मुंडा, दीपक तिर्की, पूर्व जिला अध्यक्ष लीलू पहान, अखिल भारतीय सरना समाज के भीम सिंह मुंडा, पूर्व प्रमुख रुकमिला सरू, धीरज प्रधान कर्म सिंह आदि थे।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा बुंडू नगर एवं ग्रामीण मंडल इकाई के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें शामिल कांके विधायक समरी लाल ने हेमंत सरकार की कड़ी आलोचना की। इस मौके पर विनोद सिंह, रांची जिला अध्यक्ष विवेकानंद जयसवाल, धीरेंन महतो, आलोक दास, प्रभु दयाल बड़ाईक, सुनीता बड़ाईक, राजेश उरांव, प्रियंका चटर्जी, सुबोध मुखर्जी, रंजीत लहरी, दीपक साहू, लक्ष्मण सिंह मुंडा, किरण देवी, राजकुमार महतो आदि थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा और एनके प्रबंधन के बीच विस्थापितों की समस्या को लेकर बैठक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत बिस्थापित मोर्चा द्वारा पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर एनके प्रबंधन के साथ बैठक हुई। जीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में एनके महाप्रबंधक एव मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए। मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि पूर्व में हुई वार्ता में कई मांगो पर मोर्चा संतुष्ट नहीं था जिसको लेकर शनिवार को प्रबंधन के साथ दोबारा बैठक हुई। इसमें मोर्चा के मांग पत्र पर बारी-बारी से चर्चा की गई। जिसमें एनके एरिया में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत कंपनियों में प्राथमिकता के आधार पर रैयतों एवं विस्थापितों को 75 फीसदी रोजगार व परियोजना में पेटी कांट्रेक्ट पर रैयतों को काम देने, विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत रैयतों को जल्द से जल्द रेगुलाईज करने आदि शामिल है। इस पर महाप्रबंधक ने मांगों पर गंभीरता से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

### नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलायी गयी शपथ

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रिंकू भगत ने बुंडू बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम चरण महतो उपाध्यक्ष आनंद राम महतो, महासचिव शिव शंकर महतो, संयुक्त सचिव संजय कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष अनूप जयसवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमूल्य कुमार दास, सनातन महतो, सदानंद सिंह मुंडा, राजेंद्र महतो और परमेश्वर महतो को शपथ दिलायी। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी संगीता मेहता, मजिस्ट्रेट संजय कुमार, अधिवक्ता रितेश कुमार जयसवाल, निर्वाचन पदाधिकारी विशेश्वर प्रसाद, मनोज चौधरी, उत्तम भट्टाचार्य, वासुदेव प्रमाणिक, संजय मुखर्जी आदि मौजूद थे।

### पहली परीक्षा में ही सफल हुए कुमार हिमालय



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़ा चॉगडू टेरेर गांव के कुमार हिमालय जेपीएससी द्वारा आयोजित सिविल इंजीनियरिंग परीक्षा में सामान्य वर्ग में 173 रैंक हासिल कर पांच परगना का नाम रोशन किया है। इनका चयन जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता के रूप में हुआ है। कुमार हिमालय की 10वीं और 12वीं की शिक्षा श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमड़े, रांची से और इंजीनियरिंग की पढ़ाई सीवी रमन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग भुवनेश्वर से हुआ। पूरे कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग बैच(2015-19 ) में ब्रांच टॉपर भी रहे। कड़ी मेहनत के बाद इन्होंने प्रथम प्रयास में जेपीएससी परीक्षा में सफल हुए।

### बोनस व सीएमपीएफ को लेकर 16 से हड़ताल पर जायेंगे असंगठित मजदूर

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के असंगठित मजदूर बोनस व सीएमपीएफ के पैसे को लेकर 16 नवंबर से हड़ताल पर जाएंगे। इसकी सफलता को लेकर अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। आरसीएमएस के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि 2015 से मजदूरों को बोनस नहीं मिला है।

## भाजपा ने निकाली जनाक्रोश रैली, रातू प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन



**रातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के रातू पूर्वी व पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रातू में जनआक्रोश रैली निकाल जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हटिया विधायक नवीन जयसवाल के नेतृत्व में आक्रोश रैली में हजारों लोगों का फन कैशल पार्क स्थित मैदान में जुटान हुआ। जो जुलूस के शक्ल में काठी टांड़ होते हुए रातू प्रखंड मुख्यालय पहुंची। यहां सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विधायक नवीन जयसवाल सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राज्य में बालू, कोयला के अलावा अन्य खनिज संपदा की लूट मची है। सरकारी विभागों में बिना घूस दिये जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। गठबंधन की सरकार में महिलायें अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम में कामेश्वर महतो, मनोज साहू, राजेश सिंह, चन्द्रनाथ महतो, रूपेश गोप, ईश्वर गोप, हजारी प्रसाद, सुबोध साहू, सुषमा तिर्की, सुमन गुप्ता, आरती, संजीव तिवारी, जेम्स बांड खलखो, रामधीर तिवारी के अलावा हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व महिला-पुरुष शामिल थे।

## नगड़ी मंडल भाजपा का जनाक्रोश प्रदर्शन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को जन आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय का घेराव कर बीडीओ नूतन कुमारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। आक्रोश प्रदर्शन रैली नगड़ी नारो बाजार से नगड़ी मेन रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची। प्रखंड कार्यालय का घेराव कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। मौके पर विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार यहां की भोली भाली जनता को गुमराह करने में लगी है। फुट डालो और राज करो यही नियत बन गया है। इधर राज्य में आये दिन हत्या, लुट बलात्कार हो रहा है। उस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। पदाधिकारी और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, शशिभूषण भगत, मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी, पंकज शाहदेव, केदार महतो, चूड़ामणी महतो, कुणाल शाहदेव, दीपक केशरी, मनीष केशरी, दौलत केशरी, हिंदुवा उरांव, बिरसा उरांव, कमलेश ओहदार, नरेश बैठा, अनिल गोप, जय किशन महतो, शिंबदेव उरांव, अजय तिर्की, चारों उरांव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रातू सिमलिया पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू प्रखंड के सिमलिया पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के वरीय पदाधिकारी, रातू बीडीओ हरिशंकर बारिक, सीओ प्रदीप कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित ग्रामीणों की ओर से 2200 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1600 आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया। वहीं 600 आवेदन विचारधीन हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि विचाराधीन आवेदनों का भी जल्द ही निपटारा कर दिया जायेगा। कर्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

## अनगड़ा के बच्चों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला स्कूल में आयोजित 7वां जिला स्तरीय अंतर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे अनगड़ा के बच्चों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए पांच पदक झटके। प्रतियोगिता मे रितिका मुण्डा एवं गीता कुमारी को गोल्ड, रेणुका मुण्डा व नीरज बेदिया को सिल्वर एवं शशी मुण्डा को ब्रोंज मेडल मिला। कोच संजय मुण्डा ने पदक पाने वाले सभी बच्चों को बधाई दी।

## खिजरी विधायक का स्वागत जुलूस आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** धुर्वा स्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सरकारी आवास ई 93 सेक्टर 2 से रविवार सुबह 11 बजे जगरनाथपुर मंदिर में माथा टेकते हुए जेपी मार्केट, धुर्वा बस स्टैंड, बिरसा चौक, हिनू चौक, डोरंडा रिसलदार बाबा मजार में चादर चढ़ाकर, नामकुम सदाबहार चौक बजरंग बली एवं दुर्गा मंदिर, नामकुम बाजार बजरंगबली मंदिर, सिदरौल जोड़ा मंदिर, राजाउलातु चर्च में आशीष लेते हुए चेने मड़ई में माथा टेकते हुए पैतृक आवास लुपुंग टोली तक मोटरसाइकिल रैली गाजा बाजा के साथ खिजरी विधायक राजेश कच्छप के स्वागत करते हुए निकाली जायेगी। जिसमें खिजरी विधायक के निजी सहायक दिनेश चंद प्रमाणिक ने सभी कार्यकर्ताओं से सुबह 10 बजे अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## इटकी में फसल खरीद केंद्र सरई फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड का उद्घाटन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड के हरही रोड में किसानों के फसल खरीद केंद्र सरई फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड का उद्घाटन फीता काटकर जिला परिषद रीना देवी एवं बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने किया। इस केंद्र में किसानों द्वारा उत्पादित सब्जी व अन्य फसलों को खरीद कर बाहर के बाजारों में भेजा जाएगा। जहां पर किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा। यहां पर कोई बिचोलिया नहीं होगा। प्रत्येक परिवार से किसान को जोड़ कर इसे संचालित किया जाएगा। ज्ञात हो कि इटकी क्षेत्र कृषि उत्पादन क्षेत्र में अग्रणी है, यहां की सब्जियां दूसरे राज्यों के मार्केट में प्रतिदिन कई ट्रकों में जाती हैं। जहां पर किसानों का उनके उत्पादों का मूल्य कई दिनों बाद मिलता है। किसानों की मजबूरी है कि उसे इन बिचौलियों के माध्यम से बेचना ही पड़ जाता है। ऐसे में सरई फार्मर लिमिटेड खरीद केंद्र संजीवनी बनकर सामने आया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में इससे ढाई सौ महिलाओं को जोड़ा गया है। लेकिन साल के अंत तक ढाई हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस संस्था को सरकार द्वारा 15 लाख रुपये की अनुदान राशि प्राप्त होगा। कार्यक्रम में स्टेट से आये पीएम आखरी, जिला परिषद रीना देवी, बीडीओ गौतम प्रसाद, मुखिया रमेश महली सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### प्रदर्शन : भाजपा ने अनगड़ा में राज्य सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकाली

# अबुआ राज का नारा देकर सत्ता हथियानेवाली सरकार आदिवासी विरोधी है : अनंत ओझा

**पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है : जैलेंद्र कुमार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ शनिवार को भाजपा अनगड़ा मंडल की ओर से जनाक्रोश रैली निकाली कर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रर्दशन किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राजमहल विधायनसभा के विधायक अनंत ओझा थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार एवं भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो शामिल हुए। रैली के माध्यम से भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए। सरकार पर बालू पत्थर की लूट को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया। रैली प्रखंड मैदान से शुरू होकर बिरसा पार्क होते हुए प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक सभा में बदल गई। सभा में विधायक अनंत ओझा ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा देकर सत्ता हथियाने वाली यह सरकार आदिवासी विरोधी है। जल जंगल जमीन की रक्षा करने का वादा कर खुद इनका विनाश करने में लगी है। झारखंड में बालू पत्थर और कोयला का अवैध उत्खनन हो रहा है। जिसमें कई बड़े लोग तथा सरकार के करीबी सम्मिलित पाए गए हैं। कहा कि राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं खनन की लूट पर रोक लगाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रदेश तक का घेराव करने के लिए तैयार रहने का आहवान किया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि जिस सरकार का राजा अपने अधिकारियों से उगाही कराता हो उससे नैतिकता की क्या अपेक्षा की जा सकती है।

जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरे राज्य में सरकार के खिलाफ लोगों में जर्बदस्त गुस्सा है, चारों तरफ भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। सुरेन्द्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार और लूट में आकंठ डूबी है। बालू की तस्करी चरम पर है। आमजन बालू के अभाव में त्राहिमाम कर रहे हैं। कहा कि अब समय आ गया है जल्द ही जनता हेमंत सरकार को सता से बाहर निकालेगी। संचालन सुनील कुमार महतो ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र महतो ने किया। कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, अजय कु. महतो, मनोज कु. चौधरी, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, सुनील महतो, रामसाय मुण्डा, संतोष महतो, राजेश मिश्रा, सोहन मुण्डा, उमेश बड़ाईक, सुजीत सोनी, सत्यपाल राउत, बुधराम बेदिया, जगेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी, कुंती देवी, नरेश साहू, अजय भोगता, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, पंचम भोगता, परमानंद साहू, बिहारी साहू, बानेश्वर महतो, विरेन्द्र यादव आदि शामिल थे।

## भाजपा ओरमांझी मंडल ने जनाक्रोश रैली निकाल किया प्रदर्शन

**पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार सुरसा की भांति मुंह फैलाए बैठा है : प्रो. आदित्य साहू**

**राज्य में छह हजार महिलाएं हुई हैं अनाचार की शिकार : भानू प्रताप शाही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा मंडल ओरमांझी के द्वारा शास्त्री चौक दड़दाग में स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जनाक्रोश रैली का शुभारंभ किया गया। रैली का नेतृत्व राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी कर रहे थे। रैली शास्त्री चौक, चकला होते हुए प्रखंड कार्यालय के समीप धरना में तब्दील हो गई। जनाक्रोश रैली सह धरना की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष और संचालन शशि भूषण साहू ने किया। जनाक्रोश रैली को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार सुरसा की भांति मुंह फैलाए बैठा है। सांसद प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी जमकर बरसे।

मुख्य अतिथि भवनाथपूर विधायक भानू प्रताप शाही भी हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे। शाही ने कहा कि राज्य सरकार 32 का खतियान के नाम पर झारखंड की जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन तीन साल से बालू से तेल निकालने का काम कर रही है। लगभग 6 हजार महिलायें अनाचार की शिकार हुई हैं।

भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने प्रखंड कार्यकाल में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सरकार को जमकर कोसा। जनाक्रोश रैली को सफल बनाने में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, विधायक भानू प्रताप शाही, मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, आनंद महतो, विक्रांत तिवारी, लक्ष्मण साहू, कृष्णा कुमार महतो, उमाशंकर साहू, सत्यनारायण तिवारी, दीपक बड़ाइक, संतोष गुप्ता, दीनदयाल लोहरा, शशि भूषण कुमार साहू, कामेश्वर महतो, शिव चरण महतो, फुलेन्द्र महतो, मनोज प्रभाकर, राजधाम साहू, सुनिल महतो, गणेश किशोर महतो, गणेश महतो, शंकर महतो, अरबिंद कुमार बब्लू सहित प्रखंड से काफी संख्या में महिला-पुरुष भाग लिये।

## लोक अदालत में 61 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन

**डालसा की ओर से सात पीड़ितों के बीच 25 लाख मुआवजा राशि वितरित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान न्यायाधीश कुटूंब न्यायालय ऋषिकेश कुमार, पीओएमएसीटी मनीष, एजेंसी-1 दिनेश राय, सचिव डालसा राकेश रंजन, अध्यक्ष आरडीबीए रांची शंभु प्रसाद अग्रवाल, आरडीबीए सचिव संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पीएलवी, पैनल अधिवक्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण व मंच संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटूंब न्यायालय ऋषिकेश कुमार ने कहा कि लोक अदालत में मध्यस्थों एवं अधिवक्ताओं की अहम भुमिका होती है। इस बार भी पूर्व की तरह लक्ष्य से अधिक वादों के निष्पादन पर बल दिया जाएगा। मालूम हो कि इस अवसर पर 7 पीड़ितों के बीच 25 लाख मुआवजा राशि का वितरण किया गया। वहीं आयोजित राष्टीय लोक अदालत में 61 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया तथा 39 करोड़ से अधिक रुपये की समझौता वसूली विभिन्न वादों से की गयी।

### कार्यक्रम : ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग और कैपिंग सेरेमनी का आयोजन

# प्राचार्या ने 90 छात्राओं को सेवा की शपथ दिलायी

**छात्रायें बेहतर सीखें और सेवा भाव से काम करने का लक्ष्य बनायें : डॉ सुधाकर मानव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** दीप प्रज्वलन और कैपिंग समारोह प्रत्येक छात्र के जीवन में महत्वपूर्ण घटनाएं हैं। नर्सिंग छात्राओं के लिये लैम्प लाइटिंग और कैपिंग सेरेमनी काफी महत्वपूर्ण होता है। सभी नर्सों को इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उक्त बातें वाईबीएन विश्वविद्यालय के तहत ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिये कैपिंग और लैंप लाइटिंग सेरेमनी के दौरान वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चांसलर बैजनाथ यादव ने उद्घाटन के दौरान कही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुधाकर मानव एवं एमआरएस लूसीआ कच्छप पारस हॉस्पिटल धुर्वा रांची उपस्थित थे।

डॉ सुधाकर मानव ने छात्राओं से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर सीखें और सेवा भाव से काम करने का लक्ष्य बनायें। एमआरएस लूसीआ कच्छप ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशन में नर्स बैकबोन होती है और मरीजों की सेवा में अपना जीवन झोंक देती हैं। इनके लिये मरीजों की सेवा सर्वोपरी होता है। बगैर नर्स के कोई अस्पताल नहीं चलता।

मौके पर विश्वविद्यालय के चांसलर, वीसी प्रो. डॉ एसपी यादव, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी, एचआर डायरेक्टर अरविन्द यादव, सीईओ इं. दीपक कुमार, डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ चंद्रजीत कुमार, डॉ आशीष सरकार, डॉ अर्पणा शर्मा, इं. कौशल किशोर, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ ए. सुमति आदि मौजूद थे। कैपिंग सेरेमनी के दौरान नर्सिंग छात्राओं को शपथ दिलायी गयी। बैच बीएससी सत्र 21-25 और जीएनएम सत्र के 21-24 छात्राओं के लिये कैंपिंग और लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

प्राचार्या डॉ ए. सुमति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर 90 छात्राओं को सेवा की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के पदस्थापित अधिकारी, टीचिंग, नॉन टीचिंग फैकेल्टी, स्टूडेंट्स और अभिभावक का अहम योगदान रहा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## झारखंड की संस्कृति और परंपरा को बचाये रखता है जतरा मेला : बीडीओ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** देउथान जतरा मेला समिति बरगावां के बैनर तले बरगावां जतरा स्थल पर जतरा मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिक्कू सिंह एवं पवन सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नामकुम बीडीओ ज्ञानशंकर जायसवाल ने कहा कि झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा को बचाये रखने के लिये इस तरह का आयोजन बहुत जरूरी है। मुख्य संरक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जतरा मेला आपसी भाईचारा व प्रेम को मजबूत बनाता है। जिप सदस्य बिपीन टोप्पो ने कहा कि युवा नशापान से दूर रहें और संस्कृति की रक्षा करें। मेले में मुखिया अनिता तिर्की, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मिथिलेश सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य सुषमा हेमरोम ने भी संबोधित किया। मेला में अनेकों खोरहा टीम ने हिस्सा लिया। देर शाम नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मेला में मुख्य रूप से माता सीता लकड़ा, सेनि. डीएसपी हरिहर पांडेय, सीपी शर्मा, दिनेश किनू, रामानंद सुजाता खलखो, कौशल सिंह, विमल कुमार, राजेश मिंज, शंकर पांडेय, विवेक तिर्की, वीरेन सिंह, शंकर गोप, तुलसी मिंज, कृष्णा गोप, वार्ड सदस्य सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो में अहीर रेजिमेंट के शहीदों का शहादत दिवस मनाने का लिया निर्णय

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** दिव्यकुलम वैदिक विद्यालय में शनिवार को यादव महासभा की आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में अहीर रेजिमेंट हमारा अधिकार है, यह हमें मिलना चाहिए, इसके तहत विषय पर चर्चा विमर्श किया गया। बैठक में 1962 के भारत चीन युद्ध में 113 यादव सैनिक शहीद हुए। शहीदों का शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 नवंबर को मनाया जाता है। जिसे इस बार बेड़ो में भी मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अगली बैठक 15 नवंबर 2022 को दिव्यकुलम वैदिक विद्यालय बेड़ो में रखा गयी है। बैठक में विश्वनाथ गोप, धनेश पाल यादव, अशोक गोप शशि गोप रामचंद्र गोप समेत कई अहिर समाज के लोग मौजूद थे।

## गोविंद उरांव ने ग्रामीणों के बीच कंबल बांटे



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उलातू पंचायत के सोसो गांव में वार्ड सदस्य 8 के गोविंद उरांव और वार्ड सदस्य 11 के निशु कुमारी ने ग्रामीण महिला-पुरुष और बुजुर्गों के बीच 40 कंबलों का वितरण किया। गोबिंद उरांव ने कहा कि क्षेत्र में ठंड पड़ रही है। बुजुर्गों को ठंड में परेशानी ना हो। इसके लिए कंबलों का वितरण किया जा रहा है। कंबल वितरण में ग्रामीण खोते उरांव, संजय उरांव सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## गुवाहाटी में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रगतिशील किसान ने बतायी अपनी सफलता की कहानी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली के जैविक खेती के प्रगतिशील किसान संतोष बेदिया ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी में विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब नई दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस जिसका संमापन आज हुआ, में जैविक खेती में अपनी सफलता की कहानी बतायी। वहीं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं शोध संस्थान मोराबादी रांची के प्रोफेसर डॉ. अभिजित दत्ता ने नवागढ़ पंचायत में हो रहे विकासं कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों से आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के प्रथम दिन बतौर मुख्य अतिथि अर्जुन मुण्डा केन्द्रीय मंत्री आदिवासी मामले भाग लिए थे। मंत्री अर्जुन मुण्डा ने अपने संबोधन में विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचर हब द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा आदिवासियों में छिपे कौशल को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करने की सलाह दी, ताकि उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में आई.आई.टी गुवाहाटी के निदेशक प्रो. टीजी सितारमण, सीड डिविजन के हेड डॉ. देवप्रिय दत्ता आदि मौजूद थे।

## ओरमांझी भाजपा उपाध्यक्ष ने दी खाद्य सामग्री

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनिल महतो के द्वारा प्रखंड के चुटूपालू पंचायत के तेतरिया टोला कुरुम में बंधन प्रजापति को 100 केजी चावल, 50 किलो आटा, एक पेटी रिफाइन तेल मंडल उपाध्यक्ष सुनील महतो के सौजन्य से दिया गया। कुछ दिन पूर्व बंधन प्रजापति की मां का निधन हो गया था। दशकर्म हेतू सारी सामग्री दी गई। इस अवसर पर सुनिल महतो के साथ सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, चतुर साहू, सुरेंद्र प्रजापति, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, अजय साहू सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## लापुंग में राजस्वकर्मी पर पैसे मांगने का आरोप का वीडिओ हुआ वायरल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को एक वायरल विडियो दिनभर चर्चा में का विषय बना रहा। जिसमें दिखाया जा रहा है कि लतरातू पंचायत के दर्जनों आदिवासी समुदाय के ग्रामीणों का प्रखंड कार्यालय के बाहर राजस्व कर्मचारी कुलदीप साहू के ऊपर जमीन का रसीद ऑनलाइन चढ़वाने को लेकर पैसे की मांग करने का आरोप लगाते हुए विडियो वायरल हो रहा है। जिसमें उनलोगों की जमीन की रसीद ऑनलाइन चढ़वाने के लिए आवेदन देने के बाद कोई भी रिसीविंग नहीं दिया जाता है और पूछने पर बोला जाता है कि हो जाएगा लेकिन बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि मोटी रकम का डिमांड किया जाता है। वहीं जो पैसा देता है उसका काम हो जाता है जबकि पैसा नहीं देने वालों का काम होता ही नहीं है। वहीं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन देने पर भी कोई काम नहीं हुआ, सिर्फ यहां कागज में काम होता है। इधर इस विडियो को जिसने भी देखा उन्होंने कहा कि इन ग्रामीणों ने सच्चाई को उजागर किया है। इस संदर्भ में कर्मचारी कुलदीप साहू ने कहा कि मुझ पर पैसा मांगने का आरोप बेबुनियाद है। सीओ लापुंग ने कहा कि पैसा मांगने वाले कर्मचारी के खिलाफ लिखित शिकायत दें, उसपर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही कहा कि कैथी का अनुवादक नहीं होने से ऑनलाइन में परेशानी हो रही है।

## सिंदरी में निर्मित अपना यूरिया का हुसैनाबाद में शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर एसबीआई के समीप प्रकाश ट्रेडर्स में हिंदुस्तान उर्वरक एवम रसायन लिमिटेड की सिंदरी इकाई द्वारा निर्मित अपना यूरिया की बिक्री का शुभारंभ हुआ। शनिवार को कंपनी से पहली खेप जपला पहुचने पर, हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मद गंज व दंगवार के दुकानदारों ने जेपी चौक से प्रकाश ट्रेडर्स दुकान तक गाजे बाजे के साथ रोड़ शो निकालकर स्वागत किया।मौके पर प्रकाश ट्रेडर्स के प्रोपराइटर ओमप्रकाश कश्यप ने बताया कि यह यूरिया किसानों के लिए उत्तम क्वांटिटी का खाद है।जो अब बाजार मे सुलभ रूप से किसानों के लिए उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि अपना यूरिया का बाजार में आने से किसान भाइयों को खाद की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगा। मौके पर समाजसेवी मनोज शर्मा ने कहा कि सिंदरी इकाई द्वारा अपना यूरिया शुरू होने से राज्य समेत पलामू प्रमंडल में यूरिया की आपूर्ति बढ़ेगी।साथ ही राज्य के किसानों को खाद समय पर उपलब्ध होने में मदद मिलेगी। मौके पर मनीष कश्यप, संजीव लाल, अमित कश्यप, मुन्ना सिंह, अनूप सिंह, बबलू सिंह, इमदाद, पवन गुप्ता, रामचन्द्र प्रसाद, दिलीप गुप्ता, भानु सिंह, मुकेश गुप्ता, पंकज सिंह समेत कई खाद विक्रेता व किसान मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के एकडरी मध्य विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस दौरान छात्र-छात्राओं से समान्य ज्ञान ,संविधान, राज्य, राजधानी और राष्ट्रीय चिन्ह, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय, राज्यसभा, लोकसभा, रसायनिक सुत्र, राष्टपति व प्रधानमंत्री से सम्बंधित सवाल पूछे गए। कार्य क्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में उपस्थित पथरा पचांयत के मुखिया नरेश पासवान और राजकुमार पासवान ने बिद्यालय प्रबंधन द्वारा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए सराहना की और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से सुदूर क्षेत्र के बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास होता है।मौके पर बिद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने कहा कि हम सबो का प्रयास है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर समाजिक व सांस्कारिक शिक्षा मिले।मौके पर पुनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, उपेन्द्र कुमार, असलम ,श्री राम सिहं समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थे।

## अनुदानित बीज वितरण को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सरकार प्रदत अनुदानित बीज वितरण कराने को लेकर प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड के 8 पंचायतों के लिए चना 30 क्विंटल, सरसों 5 .52 क्विंटल , मक्का 3 क्विंटल उपलब्ध हुआ है। जिसे नियमानुसार निबंधित किसानों के बीच बीज का वितरण किया जाना है। इसे लेकर पंचायतवार बीज वितरण कराने की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। बैठक में उप प्रमुख ममता कुमारी,जिप सदस्या मंजु देवी,बीएओ ब्रजेश कुमार,सानख्यांखिक पदाधिकारी मनोज कुमार दुबे, जनसेवक रॉकी कुमार, एटीएम प्रवीण जहां,सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा,मुखिया संदीप यादव, नीतू कुमारी,काजल कुमारी ,पंसस शीलू सिंह,मनिता देवी ,मंजु देवी,उषा देवी के अलावा समाजसेवी राजेश राम,अनील पासवान,हीरालाल यादव, सनोज गुप्ता,सुरेंद्र कुमार गुप्ता,किसान मित्र हरेंद्र राम,सुरेश प्रजापति, शिवपूजन मेहता आदि लोग मौजूद थे।

## युवा जागृति केंद्र के विश्वास सिंह चैनपुर प्रखंड के प्रभारी बनाये गये



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** युवा जागृति केन्द्र ने चैनपुर प्रखंड के सलतुवा पंचायत में सभा की। इसमें विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन सिंह को चैनपुर प्रखंड का प्रभारी बनाया गया। गुड्डन सिंह को शीघ्र ही पूरे चैनपुर प्रखंड में पंचायत स्तर की समितियों के गठन की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि युवा जागृति केन्द्र पलामू के हर एक गांव तक पहुंचेगा तथा हर एक गांव तक राष्ट्रवाद एवं राष्ट्र सेवा की भावना का प्रचार करने हेतु संगठन प्रतिबद्ध है। संगठन में नए कार्यकताओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा युवा जागृति केंद्र तेजी से उभरता हुआ एक मात्र विकल्प है तथा संगठन के सिद्धांतों के प्रति जनता का यह विश्वास अत्यंत उत्साहवर्धक है। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकताओं का संगठन में निरंतर विकास हो रहा है तथा संगठन आम जनों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। नवनियुक्त चैनपुर प्रखंड प्रभारी विश्वास सिंह ने कहा कि संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व समर्पण के साथ निभाऊंगा तथा शीघ्र ही चैनपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में युवा जागृति केंद्र की समितियों का गठन कर दिया जाएगा एवं युवा जागृति केंद्र के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन सुचारु रुप से किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा जागृति केंद्र के जिला सचिव मंगल सिंह, नगर अध्यक्ष प्रवीण सिंह, वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह,सिंपल,आकाश कुमार, सनोज सिंह, मुरलीधर सिंह,राहुल पासवान,सीटू गुप्ता,बिट्टू पासवान,मयंक गुप्ता,शैलेंद्र सिंह,शिवलाल सिंह,कृष्णा सिंह,दिनेश कुमार सिंह,पूरन सिंह, बागेश्वर सिंह चेरो,बिटुल सिंह एवं अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग की बैठक

# पलामू में भव्यता के साथ आयोजित होगा राज्य स्थापना दिवस समारोह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में भव्य तरीके से स्थापना दिवस मनाने को लेकर डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की साफ-सफाई,रंग-रोहन व तथा प्रतिमा के इर्द-गिर्द सड़क किनारे सफाई हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा पूर्वाहन 10 बजे मेदिनीनगर स्थित रेलवे स्टेशन रोड में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा इसके पश्चात संध्या 5 बजे टाउन हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी सरकारी भवनों में साफ-सफाई तथा विद्युत सज्जा को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीओ से भी अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर निर्देशित किया। मौके पर एसपी चंदन कुमार सिन्हा,अपर समाहर्ता,सदर व हुसैनाबाद एसडीओ समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### पलामू जिले के 20 कराटेकार कोलकाता में आयोजित चैंपियनशिप में लेंगे भाग

# पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उसे तरासने की जरूरत है : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के 20 चयनित कराटे कराटेकार 13 नवंबर को कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा। यह कराटे चैंपियनशिप स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में स्पोर्ट्स क्लब कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के विजेता कराटेकारों को कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यह जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित कराटेकारों में संत मरियम स्कूल के ओम प्रकाश, अंशु कश्यप, अभिषेक कुमार सिंह, अंश कुमार, शिवदयाल, आदित्य उरांव, उजाला कुमारी, सेजल कुमारी, वर्षा कुमारी, सोनम कुमारी, सृष्टि कुमारी का नाम शामिल है। पलामू मिक्स मार्शल आर्ट टाईर्गस एकेडमी के उज्जवल पासवान, रवि नयन, रौनक कुमार,आकांक्षा कुमारी के अलावे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिश्रामपुर की संध्या कुमारी, पांडू कस्तूरबा की चांदनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनम कुमारी, खुशबू कुमारी इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। यह कराटे टीम 12 नवंबर को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कोलकाता के लिए रवाना होगी। जबकि लड़के ग्रुप के टीम मैनेजर सेन्साई सिकंदर प्रजापति एंव लड़की ग्रुप के टीम मैनेजर सेमपाई चांदनी कुमारी को नियुक्त किया गया। इंटरनेशनल टाईर्गस फुल कांटेक्ट कराटे फेडरेशन के चेयरमैन एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा पलामू जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस हमें ग्रामीण क्षेत्रों एवं पिछड़े एरिया में ज्यादा से ज्यादा काम करने की जरूरत है। वह अपनी कमी को पता करें कि हमसे कहां चूक हुई है और उन्हें दूर करें और आगे की तैयारी के लिए पूरी शक्ति के साथ लग जाएं सफलता उन्हें जरूर मिलेगी।

### हरिहरगंज में भाजपाइयों ने निकाली हेमंत सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश रैली

# हेमंत की सरकार में महिला और गरीबों पर अत्याचार भी बढ़ा है : रविंद्र सिंह



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को जनाक्रोश रैली निकालकर हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैली न्यू सब्जी मंडी और मिडिल स्कूल के मैदान से शुरू होकर एनएच 98 मेन रोड होते प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर जन सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलू बलराम और संचालन सन्नी गुप्ता ने किया। इस दौरान कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में जब से गठबंधन की सरकार बनी है, महिलाओं और गरीबों पर अत्याचार भी बढ़ा है। सरकार भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबी है। बिना घूस दिए जनता का कोई भी काम नहीं हो रहा है। खनिज-संपदा की लूट मची है। कहा इन जनविरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है। उन्होंने स्मरण कराया कि जब 2000 में राज्य अलग हुआ था तो लोगों को काफी उम्मीदें थीं। जब जब भाजपा की सरकार बनी तब तब झारखण्ड में विकास का कार्य हुआ। किंतु इस सरकार के अधिकारी और कर्मी सीना ठोककर कहते हैं बिना रिश्वत दिए काम नहीं होगा। जहां जाना है वहां जाओ। कहा ईडी जांच में फंसता देख सरकार बौखला गई है। पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि चारो तरफ भ्रष्टचार का बोलबाला है।गरीबों को केन्द्र से फ्री का अनाज दिया जा रहा है। किंतु राज्य सरकार की मनमानी से गरीबों को सही समय पर अनाज नहीं मिल रही है। दिनेश गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार ने भ्रष्ट्राचार के सभी रिकार्ड तोड़ दिया है। हेमंत सोरेन के रिजन में अफसरशाही और गरीबों पर हो रहे अन्याय चरम पर है। मौके पर विजय यादव,गणेश सौंडीक, सिकंदर पासवान, सूर्यांशु सिंह,अरविन्द पासवान, बिनोद पासवान, दिनेश गुप्ता,मुन्ना विश्वकर्मा, सतेन्द्र पासवान, चंदन प्रजापति ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैकडों महिला पुरूष हाथों में तख्तियां लेकर हेमंत सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

## समृद्धि की पाठशाला में बहुविद्या से बच्चों को प्रशिक्षित करने की कोशिश जारी



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। संस्था की अध्यक्षा शीला श्रीवास्तव ने बताया कि पढ़ाई के साथ -साथ बच्चों को कला और नृत्य के क्षेत्र में भी हम उन्हें आगे आने के लिए प्रेरित कर रहें हैं क्योंकि इस क्षेत्र में जाने के लिए बच्चों को पैसों की जरूरत पड़ती है जिनके लिए उनका परिवार सक्षम नहीं। उन्होंने बताया कि उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग का क्लास भी विधिवत चलता है। इसके लिए प्रो. वन्दना श्रीवास्तव एवं रंजीता का विशेष योगदान रहता है। बैजन्ती, वीणा गुप्ता, अहिल्या गिरी, प्रो.सरिता कुमारी, ऋषि कुमार का सराहनीय प्रयास रहता है।

# स्पोर्ट्स



विश्व कप के फाइनल को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन हमें नये सिरे से शुरूआत करनी होगी: जोस बटलर

# यदि पाकिस्तान विश्वकप जीतता है, तो बाबर 2048 में देश के प्रधानमंत्री बन जायेंगे : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली।** बाबर आजम की अगुवाई में पाकिस्तानी टीम टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड से भिड़ेगी। मौजूदा टूर्नामेंट और 1992 के 50 ओवर के विश्व कप में टीम के अभियान के बीच असाधारण समानता है, जिसे पाकिस्तान ने इमरान खान के नेतृत्व में जीता था। दो विश्व कप अभियानों के बीच समानता के बारे में कई मीम्स और चुटकुले सोशल मीडिया में चलन पर है और अब, भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी बाबर आजम को लेकर एक मजेदार टिप्पणी की है। गावस्कर ने कहा कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट जीतता है, तो बाबर आजम 2048 में देश के प्रधान मंत्री बन जाएंगे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ₹आप जानते हैं कि अगर पाकिस्तान विश्व कप जीतता है, तो 2048 में बाबर आजम पाकिस्तान के प्रधान मंत्री होंगे। संयोग से, 1992 के एकदिनी विश्व कप में, इमरान खान के नेतृत्व में पाकिस्तान का फाइनल में इंग्लैंड से सामना हुआ था और वसीम अकरम के मैच जीतने वाला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर खिताब पर कब्जा किया था। इमरान खान बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल से पहले कप्तान बाबर आजम से 1992 के टूर्नामेंट से समानता के बारे में पूछा गया, जिसपर बाबर ने कहा, ₹बेशक, समानताएं हैं। हम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे, इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है और विशेष रूप से इस बड़े मैदान पर। हम अपना 100 प्रतिशत देने और जीतने की कोशिश करेंगे। हमने शुरूआत ठीक नहीं की है, लेकिन जिस तरह से टीम वापस आई है, वे काबिले तारीफ है। हम यहां से आगे बढ़ना चाहेंगे और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। 1992 और 2022 दोनों विश्व कप में, पाकिस्तान ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में हार के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। दोनों टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को भारत के हाथों भी हार का सामना करना पड़ा था।

## पलामू के बाल सुधार गृह से तीन कैदी फरार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्थित बाल सुधार गृह से तीन कैदी फरार हो गये हैं। इसकी सूचना मिलते ही जेल सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया है। फरार कैदी रामगढ़, मनातू और पाटन इलाके के रहने वाले हैं। बाल सुधार गृह के संचालक ने मेदिनीनगर शहर थाना में तीन कैदियों के फरार होने की सूचना दी है। जिसके बाद पुलिस तीनों कैदियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही तीनों कैदियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


**कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार**

**द्वितीय सूचना**

उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 2173 दिनांक 14.10.2022 के आलोक में लातेहार जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित होनेवाले भवनों का नक्शा स्वीकृति/तैयार करने हेतु Architect, Civil Engineer and Draft Man का निबंधन कराया जाना है। निबंधन हेतु URL **103.13.97.2** है।

अतः इच्छुक एंव योग्य Architect, Civil Engineer and Draft Man अपना निबंधन दिनांक 22/11/2022 तक कर सकते है तथा भुगतान की गई शुल्क एवं अन्य सभी प्रमाण पत्रों की प्रति अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को भी उपलब्ध कराएंगे।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 282155Rural Development(22-23)#D

**जिला खनन कार्यालय, रामगढ़**

**(आम सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिले का बालू खनिज का District Survey Report (जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट) रामगढ़ जिले के Website - Ramgarh.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। उक्त DSR आम जनता को उपलब्ध करायी जाती है। 30 दिनों के अन्दर आपत्ति या सुझाव यदि कोई हो, तो जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ अथवा dc-ramgarh@gov.in,dmo-ramgarh@jharkhandmail.gov.in पर प्रेषित किये जा सकते हैं।

ह०/-
जिला खनन पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 282134Mines and Geology(22-23)#D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

पत्रांक 3254/सा.प्र. दिनांक 09.11.2022

**शुद्धि पत्र-II**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/27/2022-23, जिसका PR No. 280682, 281496 हैं, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Amended Dates |
|---|---|---|
| 1 | Last Date/Time for receipt of online bids | 16.11.2022 up to 02:00 PM |
| 2 | Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy) | 17.11.2022 up to 02:00 PM |
| 3 | Date/Time of Opening bids | 17.11.2022 02:00 PM |

शेष सभी शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 282140 Urban Development and Housing(22-23).D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,**
**(गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों के लिए आम सूचना-

वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में चयनित वैसे लाभुक जिनके बैंक खाते में अनुदान राशि आंतरित की गई है, परन्तु लाभुक अंशदान की राशि अभी तक अपने संबंधित खाते में जमा नहीं कर पाये हैं वैसे सभी लाभुकों से सामाचार पत्र के माध्यम से अनुरोध है कि आप सभी अपना-अपना लाभुक अंशदान की राशि अपने बैंक खाते में यथाशीघ्र जमा करते हुए जमा रसीद (पर्ची) तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति **जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू** में अवश्य जमा करेंगे ताकि दुधारू गाय का क्रय यथाशीघ्र किया जा सके।

**विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू के मोबाईल न0- 9835586928 एवं 8252593594 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 282116 Palamu(22-23).D

**राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड**

**सूचना**

**नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2018 के अभ्यर्थियों हेतु आम सूचना**

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 एवं झारखण्ड नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2017 की धारा 577, 578 एवं 590 सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क, धारा 77 एवं धारा 78, के प्रावधानों एवं यथोपरोक्त अधिसूचना के तहत् निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन परिणाम घोषित किए जाने के 30 दिनों के अन्दर निर्वाचन व्यय विवरणी जमा किया जाना अनिवार्य था। निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफलता के कारण ऐसे व्यक्ति को निर्वाचन आयोग द्वारा तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करने का प्रावधान अंकित है ; **लोहरदगा नगर परिषद् (वर्ग-ख), साहेबगंज नगर परिषद् (वर्ग-ख), राजमहल नगर पंचायत, बरहरवा नगर पंचायत एवं पाकुड़ नगर परिषद् (वर्ग-ख)** के कुछ अभ्यर्थियों द्वारा अपना निर्वाचन व्यय विवरणी जमा नहीं किया गया है। यह इनके द्वारा उक्त दायित्व के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही को दर्शाता है।

अतः एतद् द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2018 के अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि **दिनांक 17.11.2022** तक अपना पक्ष संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह-उपायुक्त को अनिवार्य रूप प्राप्त स्वीकृत करा लिया जाए, उक्त पक्ष निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में आयोग द्वारा एकपक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा। कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाए।

निर्वाचन व्यय लेखा जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट- **secjharkhand.nic.in** पर उपलब्ध है।

उप निर्वाचन आयुक्त
-सह-
संयुक्त सचिव

PR 282108 Election(22-23).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



सदर थाना काण्ड सं0-416/22, दिनांक-07.11.2022 के आलोक में अपहृत-काजल कुमारी, पिता-अशोक कोल, सा0-सिमराबेडा, ग्राम-कोयरिडीह, थाना-सिरिया, जिला-गिरिडीह दिनांक-03.11.2022 को समय-11:30 बजे बिना बताए कही अन्यत्र चली गई है, काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:-उम्र-करीब 12 वर्ष, लम्बाई-4फिट, पहनावा-हल्का हरा रंग का लहंगा, नीला सफेद रंग का चेकदार जैकेट, गुलाबी रंग का बैग लिए हुए है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:- अनु0 पु0 पदा0 सदर, हजारीबाग :- 9430116928
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :- 7903534703

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 282148 Police(22-23).D

### शराब के नशे में दो अन्य साथियों के साथ पहुंचा था खाना खाने, जांच शुरू

# गलफरबाड़ी से ट्रक चालक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** निरसा के गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत मोहल बागान कॉलोनी मोड़ के समीप स्थित सैलून के पीछे से शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अरविंद सिंह के रूप में हुई है। उसके दाहिने हाथ पर नाम गुदा हुआ था। उधर, घटना की सूचना पाकर आसपास के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। देखा कि शव के कान व मुंह से खून निकलला हुआ था, जिसे देख हत्या की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना एग्यारकुंड उत्तर पंचायत मुखिया काकुली मुखर्जी, चिरकुंडा सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र पासवान, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी संजय उरांव को दी। इसके बाद वे लोग दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। घटना के संबंध में दुकानदार दिलीप साव ने बताया कि मृतक अरविंद सिंह के साथ दो और लोग थे, जो शुक्रवार की शाम शराब के नशे में धूत होकर खाना मांग रहे थे। जैसे ही वो खाना देने ही जा रहा था कि अरविंद गिर पड़ा। उसके बाद उसने खाना देने से मना कर दिया। इसके बाद तीनों आपस में ही झगड़ते हुए चले गए। इस दिन सुबह पता चला कि सैलून के पीछे उसी में से एक व्यक्ति मरा पड़ा है। वहीं, मुखिया काकुली मुखर्जी ने बताया कि मृतक पास में कुमारधुबी स्टील प्लांट में बड़बिल में कोलकाता से सामान लेकर आया था। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे। शाम को गाड़ी खाली नहीं होने के कारण वे लोग फैक्ट्री से खाना खाकर लौटने की बात कह कर निकले थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। मृतक अरविंद सिंह बिहार के आरा जिले के भोजपुर का रहने वाला है। उसके परिवार वालों को सूचित कर दिया गया। वहीं गलफरबाड़ी पुलिस शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए शव को धनबाद भेज दिया और जांच में जुट गई है।


शव पाए जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंच जांच करती पुलिस।

## राज्य की जनता को जागरूक होने की जरूरत : रागिनी सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर शनिवार को हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के नारा के साथ झरिया प्रखंड कार्यकर्ताओं ने झरिया अंचल कार्यालय का घेराव किया। इसका नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने की। इससे पूर्व कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपाइयों का जुटान हुआ और पैदल मार्च करते हुए अंचल कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल आदि मौजूद रहे। अपने संबोधन में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में राज्य की करोड़ों जनता को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से राज्य रसातल की ओर जा रहा है। चुनाव के समय महागंठबंधन के लोगों ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा का नारा देते हुए हेमंत सोरेन को सत्ता में बैठाया। जबकि उन्होंने राज्य के खनिज संपदाओं को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने झरिया प्रशासन को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है तब से झरिया में गुंडागर्दी, दबंगई चरम सीमा पर है, क्योंकि इनलोगों को पुलिस का पूरा सहयोग मिल रहा है। यही कारण है कि आज झरिया की महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भुक्तभोगी महिलाएं जब थाना जाती है तो उन्हें दुत्कार कर भगा दिया जाता है। कोयला, बालू समेत गरीबों के अनाज की तस्करी थम नहीं रही। ऐसे पुलिस प्रशासन को तत्काल बदलने की आवश्यकता है।





## न्यायालय, नीलाम पत्र पदाधिकारी,सह-जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग

### सूचना

एतद द्वारा हदारी पैक्श लि0 प्रखण्ड ईचाक के अधोलिखित सर्टिफिकेट देनदारों को सूचति किया जाता हैं कि आपके विरूद्ध हदारी पैक्श लि0 द्वारा ऋण–बसूल हेतू सर्टिफिकेट वाद दायर किया गया है जिसमे लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत सेक्शन–7 की नोटिस निर्गत है।

आप सभी सर्टिफिकेट देनदारों के आगाह किया जाता है कि इस सूचना प्रकाशन कि तिथ से एक माह के अंदर सर्टिफिकेट बाद में निहित राशि जमा करना सुनिश्च करें अन्यथा लोक मांग वसूली अधिनियम के तहत कुर्की जब्ती/गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया जाएगा।

| क्र0सं0 | किसान का नाम | पिता/पति का नाम | वाद सं0 | पत्ता | मूलधन | व्याज | अन्य | योग | सेक्शन–7 की नोटिस | जमा राशि | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजय प्रसाद मेहता | श्री मुंशी महतो | 101 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 2 | मोतीलाल मेहता | श्री गोवर्धन महतो | 102 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 3 | विकाश कुमार मेहता | राजेन्द्र प्रसाद मेहता | 103 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 21000.00 | 2100.00 |
| 4 | बिरेन्द्र कुमार मेहता | श्री जगदीश महतो | 104 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 5 | नंदकिशोर प्र0 मेहता | श्री मुटर महतो | 105 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 6 | शंकर प्र0 मेहता | श्री कन्हाई महतो | 106 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 7 | अर्जून प्र0 मेहता | श्री मुटर महतो | 107 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 8 | अशोक कु0 मेहता | श्री रामेश्वर महतो | 108 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 9 | शशि भूषण प्र0 मेहता | स्व0 खुदनारायण महतो | 109 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 10 | राजकुमार मेहता | श्री पियास महतो | 110 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 11 | अजीत कु0 मेहता | श्री श्यामलाल मेहता | 111 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 12 | तरूण देवी | श्री बंशी प्र0 मेहता | 112 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 13 | जगरनाथ उराँव | स्व0 लालसहाय उराँव | 113 | ग्राम लोटवा, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 10000.00 | 36359.00 |
| 14 | संतोष उराँव | श्री जगरनाथ उराँव | 114 | ग्राम लोटवा, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 10000.00 | 36359.00 |
| 15 | अशोक प्र0 मेहता | श्री उगन प्र0 मेहता | 115 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 16 | महेन्द्र प्र0 मेहता | श्री हरिहर प्र0 मेहता | 117 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 17 | उमेश प्र0 मेहता | स्व0 मनोहर प्र0 मेहता | 118 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 18 | अशोक प्र0 मेहता | स्व0 लोधर महतो | 119 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 0.00 | 46359.00 |
| 19 | लखन यादव | स्व0 महादेव यादव | 120 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 20 | ईश्वर प्र0 मेहात | स्व0 लिलो महतो | 121 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23760.00 | 440.00 | 46200.00 | निर्गत | 10000.00 | 36200.00 |
| 21 | तिलक महतो | स्व0 बालो महतो | 122 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 4000.00 | 19100.00 |
| 22 | अर्जून प्र0 मेहता | स्व0 सहदेव महतो | 124 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 8000.00 | 38359.00 |
| 23 | जुगेश्वर प्र0 महतो | स्व0 बबुन महतो | 125 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 5000.00 | 18100.00 |
| 24 | भेखलाल प्र0 मेहता | श्री जागेश्वर मेहता | 126 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 20379.00 | 2721.00 |
| 25 | अनुज कुमार | स्व0 लक्ष्मण प्र0 मेहता | 127 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 26 | उमेश प्र0 मेहता | स्व0 जगदीश महतो | 128 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 9760.00 | 13340.00 |
| 27 | बिहारी प्र0 मेहता | स्व0 सीटा महतो | 129 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 28 | अजय कुमार | श्री रघुवीर प्रसाद | 130 | ग्राम परासी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 16295.00 | 6805.00 |
| 29 | मुकेश कुमार/ जितेन्द्र कुमार | श्री सुखदेव महतो | 131 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 18080.00 | 15202.00 | 360.00 | 33642.00 | निर्गत | 0.00 | 33642.00 |
| 30 | सविता देवी | श्री जगरनाथ प्र0 मेहता | 132 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23904.00 | 440.00 | 46344.00 | निर्गत | 0.00 | 46344.00 |
| 31 | केदार प्र0 मेहता | स्व0 अलख महतो | 133 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 20500.00 | 2600.00 |
| 32 | जुगेश्वर प्रसाद मेहता | स्व0 लोकनाथ महतो | 134 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 22000.00 | 23919.00 | 440.00 | 46359.00 | निर्गत | 14500.00 | 31859.00 |
| 33 | ईश्वर प्र0 मेहता | स्व0 भत्तु महतो | 135 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 20000.00 | 3100.00 |
| 34 | प्रेम प्रकाश मेहता | श्री जुगल महतो | 136 | ग्राम बरकाकला, पो0 रतनपुर, थाना ईचाक, हजारीबाग | 11000.00 | 11880.00 | 220.00 | 23100.00 | निर्गत | 0.00 | 23100.00 |
| 35 | मनोज कुमार | श्री दिगम्बर कु0 मेहता | 138 | ग्राम बरियठ, पो0 बरियठ, थाना ईचाक, हजारीबाग | 300000.00 | 296114.00 | 6000.00 | 602114.00 | निर्गत | 0.00 | 602114.00 |
| 36 | मनोज कुमार मेहता | श्री अर्जुन प्र0 मेहता | 139 | ग्राम हदारी, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 200146.00 | 117668.00 | 4002.00 | 321816.00 | निर्गत | 0.00 | 321816.00 |
| 37 | राजेश प्रसाद मेहता | श्री धनेश्वर प्र0 मेहता | 140 | ग्राम बोंगा, पो0 बरियठ, थाना ईचाक, हजारीबाग | 123506.00 | 66690.00 | 2470.00 | 192666.00 | निर्गत | 0.00 | 192666.00 |
| 38 | सीताराम मेहता | जयनाथ महतो | 141 | ग्राम डूमरौन, पो0 डूमरौन, थाना ईचाक, हजारीबाग | 201924.00 | 235439.00 | 4038.00 | 441401.00 | निर्गत | 0.00 | 441401.0 |
| 39 | हेमराज प्र0 मेहता | स्व0 बिगन महतो | 142 | ग्राम चपरख, पो0 ईचाक, थाना ईचाक, हजारीबाग | 53156.00 | 14076.00 | 1102.00 | 68334.00 | निर्गत | 60000.00 | 8334.00 |
| | | | | योग | 1402812.00 | 1293562.00 | 28092.00 | 2724466.00 | | 229434.00 | 2495032.00 |

निलाम पत्र पदाधिकारी
सह
जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग

PR 282176 Co-opretive(22-23).D


## दुकान में आग लगने से लाखों के सामान जले, प्रशासन से मदद की गुहार

महुदा (आजाद सिपाही)। महुदा थाना के समीप (पंडित चाय दुकान के नाम से प्रशिद्ध) ओम प्रकाश स्वीट्स में शुक्रवार की रात आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाख हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की सुबह पांच बजे दुकानदारों ने धुआं उठते देखा, तब दुकान मालिक को इसकी सूचना दी। दुकान मालिक ने आकर देखा तो दुकान के चारों ओर से धुआं निकल रहा था। दुकान खोलने पर सारा सामान जल चुका था। वहां मौजूद लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। उधर, घटना की सूचना पाकर पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी घटना स्थल पहुंच कर मामले से अवगत हुए और पीड़ित परिवार को बाघमारा बीडीओ से वार्ता कर मुवावजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

## हिम्मत है तो भाजपा कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज कराये हेमंत सरकार: बिरंची



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की कथित जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश के सभी सरकारी मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। इसकी कड़ी में शनिवार को पहले चरण के आखिरी दिन भाजपा बोकारो जिला के चास प्रखंड की ओर से महावीर चौक से धर्मशाला मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय तक जनाक्रोश पदयात्रा निकाल कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश चरम पर है। जनता अब इस सरकार से छुटकारा चाहती है। कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभा कर कहा था कि जिला प्रशासन भाजपा द्वारा प्रखंड, जिला मुख्यालय पर धरना करने वालों को चिन्हित कर सूची तैयार कर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजे। वहीं, राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विधायक बंधु तिर्की भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटने की बात करते हैं। खुले मंच पर बोकारो विधायक ने मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ विधायकों को चेताते हुए कहा कि हिम्मत हैं तो भाजपा कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज कर दिखाएं। फिर देखिए भाजपाई मुख्यमंत्री की कुर्सी कैसे हिलाते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जानबूझ कर बोकारो के तीन प्रखंड चास, बोकारो और चंद्रपुरा को सुखा ग्रस्त सूची से बाहर करने का आरोप लगाया। वहीं, बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि जिले के सभी नौ प्रखंडों में सात से 12 नवबंर तक प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया गया।

## निरसा पुलिस ने देसी कट्टा, कारतूस व गांजा समेत दो को दबोचा, भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** निरसा पुलिस ने देशी कट्टा, कारतूस और गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अरमान शेख और मनोज माली के रूप में हुई है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीतांबर सिंह खेरबार ने दी। वे शनिवार को अपने मैथन स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे ते। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को गश्ती के दौरान निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि राजा कोलियरी के समीप के रहने वाले दो अपराधी देशी कट्टा के बल पर लोगों को डरा धमका रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी ने सहायक अवर निरीक्षक अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी के अंगरक्षक आरक्षि संख्या 2369 रमेश कुमार यादव, रिजर्व गार्ड क्रमसः हवलदार अजीत तिवारी एवं आरक्षि संख्या 395 सूचित कुमार दास के साथ मौके पर पहुंच गए और अरमान शेख और मनोज माली को पकड़ लिया। उनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, दो 09 एमएम का और एक 7.62 का जिंदा कारतूस बरामद किया। अपराधियों के पास से गांजा पीने की चिलम भी मिली है। पुलिस निरीक्षक के स्वलिखित आवेदन पर निरसा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद गिरफ्तार दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया। वहीं, प्रेस वार्ता में निरसा थाना प्रभारी के साथ गिरफ्तारी टीम में उपस्थित पुलिसकर्मी भी शामिल थे।



## लोदना में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के वार्ड नंबर 47 अंतर्गत लोदना कोलियरी उच्च विद्यालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सीओ प्रमेश कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, पूर्व पार्षद संजय यादव, पार्षद प्रत्याशी कविता कुमारी चौहान, अर्पण क्षेत्रपाल, नीरज पासवान, प्रेम सागर, अनूप कुमार, अजय कुमार पासवान आदि उपस्थित थे। इस दौरान वृद्धा, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले योजना आदि कुल 307 आवेदन आए। सावित्रीबाई फुले योजना कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रहा। वहीं क्षेत्र की समस्याओं में रोड नाली समेत लोदना बाजार में चाला निर्माण, लोदना अंबेडकर चौक से बनिहार मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण, लोदना शिव मंदिर 40 धारा में पुल निर्माण, 12 नंबर में नाली सफाई एवं कई जनहित समस्याओं को लेकर पार्षद प्रत्याशी कविता कुमारी चौहान द्वारा झरिया सीओ को अवगत कराते हुए इसके निराकरण की मांग की गई।



### झारखंड में जमीन व खनिज संपदाओं की मची है लूट

# हेमंत सरकार में अपराध और अपराधी बेलगाम: पीएन सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बलियापुर।** झारखंड की महागठबंधन सरकार का कार्यकाल तीन साल पूरा होने को है। इस अवधी में राज्य काफी पीछे चला गया है। विकास कार्य ठप है। कोयला, बालू, पत्थर व लकड़ी की लूट चरम पर है। केंद्र सरकार की राजस्व की भी चोरी हो रही है। विधि व्यवस्था भी चौपट हो गई है। अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जिस पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। उक्त बातें धनबाद के सांसद पीएन सिंह ने कही। वे शनिवार को हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत बलियापुर ब्लॉक घेराव सह आक्रोश प्रदर्शन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं-लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं, दिनदहाड़े लूट-चोरी व डकैती, हत्या और सामूहिक नरसंहार जैसी घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसी के खिलाफ प्रदेश भाजपा की ओर से राज्य के सभी प्रखंडों में आक्रोश धरना प्रदर्शन कर प्रतिवाद किया जा रहा है।



### वर्तमान सरकार में महिलाओं का शोषण और खनिजों की लूट जारी है : तारा देवी

सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार के शाशन काल मे महिलाएं सुरक्षित नहीं है। खनिज संपत्तियों की लूट हो रही है। कोयला, लोहा, बालू का अवैध धंधा चरम पर है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार यहां के लोगों के साथ छलावा कर रही है। खनिज संपदा को लूट रही है। अपराधी बेलगाम हो गए है। तुष्टिकरण व धर्मांतरण को बढावा दिया जा रहा है। इससे पूर्व प्लस टू हाई स्कूल मैदान से काफी संख्या में भाजपाई आक्रोश रैली निकाल कर बलियापुर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, संतलाल प्रमाणिक, मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष मंटू रवानी, नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, रतिरंजन गिरी, दिनेश सिंह, मोहन कुभंकार, सुनील चौधरी, नयन ठाकुर, विरेंची सिंह, कुमार महतो, राकेश तिवारी, विजय रवानी, दिनेश मंडल, निताई रजवार, प्रकाश बाउरी, सपन बनर्जी, बलराम साव, उत्तम चौबे, गोरांग मंडल, बादल रवानी, रंजीत मंडल, दिपू लाला, टेकलाल महतो आदि थे।

# एनटीपीसी को मिला स्वर्ण शक्ति पुरस्कार





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित 48वें एनटीपीसी स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सर्वश्रेष्ठ कोयला खनन (परिचालन) के लिए स्वर्ण शक्ति पुरस्कार प्राप्त किया है और एनटीपीसी चट्टी-बरियातू ने प्रदर्शन वर्ष 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ कोयला खनन (विकास) श्रेणी प्राप्त की है।

आरके सिंह, ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और बीएम सिंह जीएम (चट्टी-बरियातू) कोयला खनन परियोजना को कृष्ण पाल, विद्युत राज्य मंत्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत) और गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

बता दें कि स्वर्ण शक्ति पुरस्कार उत्पादकता, सुरक्षा, कर्मचारी संबंध, पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार, राजभाषा, सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं, सीएसआर और सामुदायिक विकास और परियोजना प्रबंधन पुरस्कार के क्षेत्रों में दिये जाते हैं।

## एम्स भुवनेश्वर में आइएपीएसएम यंग लीडर्स नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

# सामुदायिक चिकित्सक की आवश्यकता है : डॉ बिस्वास

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आइएपीएसएम यंग लीडर्स नेशनल कॉन्क्लेव 10 से 12 नवंबर तक तीन दिनों की अवधि में एम्स भुवनेश्वर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन एम्स भुवनेश्वर के कम्युनिटी मेडिसिन एंड फैमिली मेडिसिन विभाग द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के सहयोग से कम्युनिटी फिजिशियन फॉर सस्टेनेबल हेल्थ विषय के साथ किया गया था। मेगा इवेंट का उद्घाटन प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास, कार्यकारी निदेशक एम्स भुवनेश्वर, अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ कॉन्क्लेव के संरक्षक, पदमश्री डॉ अभय बंग, पद्मश्री डॉ सीएस पांडव, डॉ हरिवंश चोपड़ा, डॉ सुनीला गर्ग और डॉ पुरुषोत्तम गिरि द्वारा किया गया था। डॉ बिस्वाश ने अपने मुख्य भाषण में समुदाय के सबसे दूर के हिस्से में सार्वभौमिक स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए सामुदायिक चिकित्सक की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो (डीआर) सोनू हंगमा सुब्बा, आयोजन अध्यक्ष ने अकादमिक और अनुसंधान के मजबूत क्षेत्र में युवा नेता की क्षमता निर्माण और वैज्ञानिक प्रदर्शन की आवश्यकता की कल्पना की थी। इस कॉन्क्लेव में देश के सभी हिस्सों से पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों और एम्स नयी दिल्ली, पीजीआइएमइआर चंडीगढ़, जिपमर पुडुचेरी, एम्स पटना, एम्स रायपुर, एम्स जोधपुर, एम्स भोपाल, एम्स कल्याणी, एम्स गोरखपुर जैसे प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया है। एम्स बठिंडा, एम्स बीबीनगर, एम्स मंगलगिरी और एमजीआइएमएस सेवाग्राम के साथ-साथ कई सरकारी और निजी राजकीय मेडिकल कॉलेज और भागीदार एजेंसियां शामिल हैं।



इस भव्य कार्यक्रम में कई पूर्ण सत्र, पैनल चर्चा, मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जन स्वास्थ्य में भौगोलिक सूचना प्रणाली और रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सहित नौ विषयों पर विभाग द्वारा पूर्व सम्मेलन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। एनपीसीडीसीएस दिशा निर्देशों के अनुरूप कैंसर की रोकथाम के लिए संशोधित जोखिम कारकों को संबोधित करने जैसे कई विषयों पर ध्यान दिया गया।

समापन दिवस पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान में नैतिक मुद्दों और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहुंच से बाहर होने जैसे स्वास्थ्य विषयों पर एम्स नयी दिल्ली और निम्हान्स बैंगलोर के डॉ शशिकांत, डॉ गिरीश एन राव जैसे प्रख्यात वक्ताओं ने चर्चा की।

कॉन्क्लेव में भाग लेने वालों में युवा सामुदायिक चिकित्सा विशेषज्ञ, जूनियर और वरिष्ठ निवासी, एमपीएच छात्र और अन्य विद्वान शामिल थे।

# भारत की समुद्री विरासत, वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को लेकर 'समुद्र मंथन' का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की समुद्री विरासत, इसकी वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान प्रणाली व्यवस्था, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा कटक में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम 'समुद्र मंथन' गुरुवार को उद्घाटन हुआ। भुवनेश्वर स्थित सोआ विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को इसके उद्घाटन के बाद अगले दो दिनों के लिए ओडिशा राज्य समुद्री संग्रहालय में विभिन्न पैनल चर्चा और बैठकें आयोजित की गयीं। इस चर्चा की उत्कृष्टता के आधार पर 2047 तक देश के समुद्री भविष्य पर एक दस्तावेज तैयार किया जायेगा। यह आयोजन सरकार द्वारा प्रायोजित अजादि का अमृत महोत्सव परिप्रेक्षी में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर श्रृंखला का छठा संस्करण था और ओडिशा की प्राचीन समुद्री परंपराओं पर कटक में आयोजित बाली यात्रा के साथ आयोजित किया गया था। सम्मेलन में मौजूद विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किया कि भविष्य की भारतीय समुद्री क्षमताएं आधुनिक आर्टिफिसीअल इंटेलिजेंस और नए ज्ञान कौशल पर निर्भर करेंगी। इसी तरह समुद्री परंपरा पर और अधिक गवेसणा कैसे किया जा सकता है और इसके बारे में जागरूकता कैसे पैदा की जा सकती है, इस पर भी चर्चा हुई।

# हेमंत सोरेन की सरकार सभी मोर्चे पर विफल : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिसरी।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को तीसरी प्रखंड में आयोजित बीजेपी का हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार सभी मोर्चे पर विफल हो रही है। राज्य में अपराधी बेखौफ हैं। राज्य में कानून व्यवस्था कि स्थिति चौपट है। भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। जनहित में इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना जरूरी है। इसके लिए भाजपा आंदोलन जारी रखेगी।



तीसरी प्रखंड में बीजेपी के हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

इस मौके पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना रिश्वत दिये काम नहीं होता।

इस अवसर पर नुनूलाल मरांडी, उदय साव, सुनील साव, रामचंद्र ठाकुर, उषा कुमारी, नरेश यादव, देवेंद्र गुप्ता, प्रकाश पासवान, रविंद्र पंडित और सुनील शर्मा समेत पार्टी के दर्जनों नेता मौजूद रहे।









# किस छात्र साधक ने ओजेएस परीक्षा पास की

आजाद सिपाहीसंवाददाता



**भुवनेश्वर।** कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (किस) के एक छात्र ने पहली बार ओडिशा न्यायिक सेवा (ओजेएस) परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसके परिणाम शुक्रवार को ओडिशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) द्वारा घोषित किये गये। ओडिशा में 50 सफल उम्मीदवारों में से साधक कर्जी (रैंक 45) को किस से सफलता मिली। ओडिशा न्यायिक सेवा में सिविल जजों के पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य भर के सभी उम्मीदवारों ने परीक्षा पास की। साधक गजपति जिले के एक सौरा जनजाति से है, और 2014 में किस में उच्च माध्यमिक की पढ़ाई की। किट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में किस पास-आउट छात्रों के लिए उच्च शिक्षा मुफ्त में प्राप्त करने का प्रावधान है। किस में हायर सेकेंडरी पूरा करने के बाद उन्होंने किट लॉ स्कूल से लॉ की पढ़ाई की। वह 2021 में किट से पास हुए और ओजेएस परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस ने साधक को बधाई दी। संस्थापक ने कहा कि उनका हमेशा से सपना था कि किस के एक छात्र को न्यायिक सेवाओं में सफलता मिले। आज यह सपना सच हो गया है। इससे पहले किस के छात्र ओडिशा प्रशासनिक सेवाओं सहित कई सरकारी सेवाओं में सफलता प्राप्त करते रहे हैं। किस के किसी छात्र को पहली बार न्यायिक सेवा में सफलता मिली है।












## शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने रोका

# शारजाह से 18 लाख की घड़ियां लाये थे, 7 लाख का लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने रोक लिया। एयरपोर्ट पर तैनात एयर इंटेलिजेंस यूनिट के सूत्रों ने बताया कि शाहरुख शुक्रवार रात को शारजाह से लौटे थे। उनके पास महंगी घड़ियां और उनके कवर थे, जिनकी कीमत 18 लाख रुपये थी। इन घड़ियों के लिए शाहरुख को 6.83 लाख रुपये की कस्टम ड्यूटी चुकानी पड़ी।

शाहरुख खान प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे मुंबई पहुंचे थे। यहां टी-3 टर्मिनल पर रात करीब 1 बजे रेड चैनल पार करते समय कस्टम ने शाहरुख खान और उनकी टीम को रोका था। उनके बैग की जांच में ब्रांडेड घड़ियां मिलीं। साथ ही घड़ियों के खाली बॉक्स भी मिले थे।

### शाहरुख को छोड़ा, बॉडीगार्ड ने भरी पैनाल्टी

एयरपोर्ट पर घंटे भर चली कार्रवाई के बाद शाहरुख और उनकी मैनेजर पूजा ददलानी को जाने दिया गया, लेकिन शाहरुख के बॉडीगार्ड रवि और टीम के बाकी सदस्यों को रोक लिया गया। जानकारी के मुताबिक, शाहरुख के बॉडीगार्ड रवि ने ही 6 लाख 87 हजार रुपए की कस्टम ड्यूटी चुकाई। कस्टम डिपार्टमेंट की प्रोसेस शनिवार सुबह तक चली। सुबह करीब 8 बजे प्रोसेस पूरा होने के बाद ही कस्टम अधिकारियों ने रवि को छोड़ा। कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जुर्माने की रकम शाहरुख के क्रेडिट कार्ड से ही चुकाई गयी है।

### बुक लॉन्चिंग के लिए दुबई गये थे किंग खान

शाहरुख 11 नवंबर को यूएइ के एक्सपो सेंटर पहुंचे थे। वहां शारजाह इंटरनेशनल बुक फेयर 2022 के 41वें एडिशन में भाग लेने पर उन्हें ग्लोबल आइकॉन ऑफ सिनेमा एंड कल्चरल नरेटिव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसमें शामिल होने के लिए शाहरुख अपनी टीम को भी प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से लेकर गये थे। इसी प्लेन से वे शुक्रवार की देर रात मुंबई लौटे थे।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**